हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–304 : जौनपुर, बुधवार 16 मार्च 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

बेसिक शिक्षा विभाग की बहुप्रतीक्षित फिल्म बालसेना का आया होली गीत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिराज–ए–हिन्द की धरती जौनपुर में बेसिक शिक्षा विभाग, जौनपुर के शिक्षाखण्ड–सिकरारा के बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों द्वारा अभिनीत बाल फिल्म बालसेना के लिए शिक्षकों के द्वारा गाये गए होली गीत का लोकार्पण लखनऊ में किया गया। अभीतक समाज में जो भी होली गीत हम सुनते आए हैं उनमें अश्लीलता, फूहड़ता का समावेश रहा है । होली का पर्व सामाजिक समरसता , प्रेम, सौहार्द्य को बढ़ाने वाला होना चाहिए परंतु विडंबना ये है कि हमारे गीत दो अर्थी संदेश देकर अपना स्तर खोते जा रहे हैं। यह देखते हुए बेसिक के शिक्षकों ने खुद ही इसका जिम्मा उठाया और एक होली का सुंदर गीत समाज के सामने प्रस्तुत कर दिया है जिसका मुखड़ा हैः होली के शुभ दिन आये हो भैया। अब्दुल मुबीन सर, सहायक निदेशक, बेसिक शिक्षा निदेशालय लखनऊ, उ.प्र. के द्वारा होलीगीत का लोकार्पण किया गया और इस पहल को सराहते हुए उन्होंने कहा बेसिक का शिक्षक बच्चों के बीच रहकर उनकी मनोभावनाओं को पूर्णतया समझ चुके होते हैं। हमारे शिक्षक ही बच्चों के शैक्षिक संवर्धन के लिए सही कार्य कर सकते हैं। वह चाहे किसी गीत अथवा फिल्म के माध्यम को चुनते हों। खेल अथवा यात्रा को ज्ञान का माध्यम चुनते हों। बेसिक शिक्षकों में अपार चिंतनशक्ति है जिसका सही प्रयोग होना आवश्यक है।

हमारा शिक्षक अपने कर्तव्यों के प्रति आज बहुत जागरूक है। जब शिक्षा चिंतन का रूप लेती है तो वह सही दिशा में काम करने लगती है। किसी भी बच्चे के जीवन को एक सुंदर रूप देने के लिए उसका बचपन बहुत ही सुदृढ़ होना चाहिए । गीत हों या खेल हों हमेशा बच्चों की शिक्षा के संवर्धन का काम करें। इस अवसर पर फिल्म के निर्देशक शिवम सिंह, राकेश सिंह, प्रेम चंद्र तिवारी, रमेश यादव सागर व मंसूर अहमद उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश नेता राकेश पाण्डेय की शिकायत पर भ्रष्टाचार में लिप्त कुशीनगर बीएसए विमलेश का हुआ निलंबन

गांरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : भाजपा के प्रदेश नेता राकेश पाण्डेय जी ने बेसिक शिक्षा विभाग कुशीनगर जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार में लिप्त बीएसए विमलेश कुमार की जांच कराने के लिए जनसुनवाई पोर्टल पर 11 मार्च 2021 को शिकायत की थी। उन पर राकेश जी ने आरोप लगाया था कि उर्दू अध्यापक की अनियमित अवैध 6 अध्यापकों की नियुक्ति की गई जबकि उर्दू अध्यापक भर्ती पर सरकार द्वारा पूर्व प्रतिबंध था फिर भी धनउगाही के चक्कर में फंसकर अध्यापकों की नियुक्ति कर दी द्य राकेश जी बताते हैं कि उन्होंने 69000 सहायक अध्यापक भर्ती के प्रथम चरण में नियुक्त अध्यापकों का जो पूर्व में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत थे उनके अंक पत्रों व प्रमाण पत्रों का बिना सत्यापन कराए वेतन भुगतान भी कर दियाद्य राकेश जी गंभीर आरोप लगाते हुवे कहते हैं कि धन उगाही के मोह में इतना फंस गए थे कि उन्होंने 68500 सहायक अध्यापक भर्ती में नियुक्त 108 शिक्षामित्रों का भी बिना सत्यापन कराए वेतन व एरियर भुगतान कर दिया। उपरोक्त शिकायतों के प्रारंभिक जांच में दोषी पाए जाने के क्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी कुशीनगर विमलेश कुमार गंभीर भ्रष्टाचार में व्याप्त अनियमितताओं में लिप्त प्रथम दृष्टया दोषी उत्तरदाई पाए जाने पर सरकार द्वारा उनका निलंबन कर

दिया गयाद्य इनके खिलाफ राकेश जी ने और कई आरोप लगाए है जिसमे अध्यापकों को परताड़ित/शोषण करना / निचले कर्मचारियों केंद्रीय विद्यालय में ट्रांसफर पोस्टिंग में धनउगाही करना था जिसके वजह से अध्यापकों और कर्मचारियों ने भय का माहौल व्याप्त था ।सरकार के द्वारा उनके समय में हुवे सारे काम की जाच करानी चाहिए।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

शिक्षक पुत्र का लोअर पीसीएस में चयन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले के औरैला गांव निवासी और बलभद्र इन्टरमीडिएट कालेज सुबासपुर के वरिष्ठ शिक्षक चन्द्रशेखर पाण्डेय के पुत्र संजीव पाण्डेय के लोअर पीसीएस में चयनित होने पर विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है। ज्ञात हो कि संजीव पाण्डेय इससे पूर्व वर्ष 2016 में उप्र पुलिस सेवा में सब इन्सपेक्टर पद पर चयनित हुए और वर्ष 2018 में पुनः युवा कल्याण विभाग में विकास अधिकारी के पद पर भी चयनित हुए। वर्ष 2018 के लोअर पीसीएस परिणाम आने पर पुनः आपका चयन हुआ है। वर्तमान में संजीव पाण्डेय फतेहपुर जनपद में पुलिस सेवा में हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 कृष्णदत्त द्विवेदी, वरिष्ठ प्रवक्ता सत्य प्रकाश दूबे, अनिल कुमार सिंह, दिनेश कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता शशि प्रकाश मिश्र, नवीन कुमार श्रीवास्तव, सन्तोष कुमार दूबे, राकेश मिश्र, डॉ0 प्रवीण कुमार मिश्र, मोतीलाल, योगेंद्र मिश्र, कृपा शंकर शुक्ला, नरेन्द्र मिश्र, जनकधारी यादव, प्रमोद कुमार सिंह सहित सभी शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने शिक्षक परिवार को बधाइयां दी।

चाहे जितना लाभ दे सरकार:मुस्लिम सोंच भाजपा विरोधी ही रहेंगे –देव प्रकाश शुक्ला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ – भारत एक ऐसा गणराज्य है जो अनेकता में एकता लिए हर ध र्म और साम्प्रदाय का सम्मान करने। वाला देश है, लेकिन इस भारत देश मे मुस्लिम धर्म के कुछ अराजक तत्व हमेशा देश विरोधी कारनामे ही करते आये है,राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय युवा वाहिनी हिंदी दैनिक समाचार पत्र के संपादक हिन्दू देव शुक्ला ने कहा कि लाख राशन दे भाजपा सरकार या बनवा दे मकान मुस्लिम मतदाताओं ने हमेशा साबित किया है कि वह हमेशा भाजपा विरोध ी ही रहेंगे। मुजफ्फरनगर में बीते 11 मार्च दिन बुधवार उत्तर प्रदेश चुनाव में विशेषकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो मुस्लिम बाहुल्य 71 सीटों में से 67 सीटों पर भाजपा हारी है उन 67 सीटों की बात की जाए तो सिर्फ मुजफ्फरनगर और शामली की सीटों पर नजर दौड़ाई जाए तो स्वयं गृहमंत्री के जमीन पर उतर कर प्रचार करने के बावजूद भी मुस्लिमों के भाजपा हटाओ अभियान के अंतर्गत जेल में जाने के बावजूद भी कैराना से मुस्लिमों ने नाहिद हसन को जिता दिया, पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अन्य सीटों पर जहां जहां मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र थे वहां वहां भाजपा को पूरी तरह हार का सामना करना पड़ा है। थाना भवन की बात करें तो यहां प्रदेश में स्वयं मंत्री रहे सुरेश राणा को अशरफ अली खान ने जोरदार पाठक ने दी है शुरू से लेकर अंतिम तक एक बार भी सुरेश राणा अशरफ अली से आगे नहीं निकल पाए वहीं मुजफ्फरनगर से ही सत्य मेरठ में सफीक अंसारी एवं मोहम्मद आदिल ने गठबंधन से चुनाव लड़कर जीत हासिल की है सहारनपुर बिजनौर मुरादाबाद नजीमाबाद आज मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में भी मुस्लिम प्रत्याशियों ने जोरदार जीत दर्ज कराई हर बार की तरह मुस्लिम मतदाताओं ने भी इस बार दीया साबित कर दिया कि भाजपा चाहे जितना भी सुशासन ला दे जितना भी राशन बांट दें जितने भी मकान खड़े करा दे मगर चुनाव के समय पर मुस्लिम मतदाता खुलकर भाजपा का विरोध करेगा और विरोधी नहीं मतदान के रूप में भी उस पार्टी को मतदान करेगा जिस

पार्टी को भाजपा हरा रही हो पिछले 10 वर्षों में यही देखने को मिला है मुस्लिम मतदाता चाहे विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा यदि बसपा का प्रत्याशी मजबूत हो और भाजपा के प्रत्याशी को हराने का दम रखता हो तो वहां मुस्लिम मतदाता बसपा को वोट था जहां जहां सपा का प्रत्याशी मजबूत हो वहां मुस्लिम मतदाता सपा को वोट देता रहा था मगर इस बार उत्तर प्रदेश की तस्वीर कुछ और ही थी शुरू में मायावती के सूची से चुनाव लड़ने के कारण मुस्लिम मतदाता सपा को ही पूरी तरह चुनाव जिताने व भाजपा को करारी हार दिलाने के लिए तैयारी कर चुका था मतदान के दिन तक भी अंधेरे में जी रहे भाजपाइयों को ऐसा लग रहा था कि इस बार सुशासन विकास विकास और राशन के दम पर शायद पहले से बड़ी मात्रा में मुस्लिम मतदाताओं ने वोट करेगा मगर चुनावी नतीजे आने के बाद यह साफ हो गया कि मुस्लिम मतदाता उन्हें वोट करेगा मगर चुनावी नतीजे आने के बाद यह साफ हो गया कि मुस्लिम मतदाता इस बार भी भाजपा के खिलाफ पुरजोर तरीके से खड़ा रहा पूरे पश्चिमी उत्तर उत्तर प्रदेश में ही नहीं पूरे प्रदेश में मुस्लिम मतदाताओं ने कहीं भी भाजपा को जोरदार समर्थन नहीं किया आने वाले चुनाव में सत्ताधारी भाजपा इस बात से क्या सबक ले पाएगी यह तो कह पाना मुश्किल है मगर इस चुनाव में या तय कर दिया भाजपा जितना मर्जी निष्पक्ष होकर कार्य कर ले मुस्लिम मतदाता उसे कतई वोट नहीं करेगा।

बागपत के गुफा मंदिर पर लगे भंडारे में उमड़ी भीड़

बागपत पत्रकार विवेक जैन : होली के उपलक्ष्य में बागपत के प्रसिद्ध तीर्थ गुफा वाले बाबा मंदिर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज क्षेत्रों से आये हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्पोर्ट्स एंड फिटनेस एकेडमी खेकड़ा के सौजन्य से लगे भंडारे में सुबह से

ही श्रदालुओ का आना– जाना शुरू हो गया था और दोपहर तक भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रदालु आते–जाते रहे। गुफा वाले बाबा मंदिर में पूरा वातावरण गुफा वाले बाबा के जयकारों से गूंज रहा था। गुफा वाले बाबा मंदिर की बागपत के प्रसिद्ध तीर्थो में गिनती होती है। मान्यता है कि जो भी भक्त यहां पर सच्ची श्रद्धा भाव से बाबा की पूजा–अर्चना करता है तो बाबा उसकी सब मनोकामना पूर्ण करते हैं। भंडारे में एकेडमी के अध्यक्ष अंकित तोमर, उपाध्यक्ष आंचल रामनारायण, अन्नु उर्फ एंजल जोशी, अंशिका, दीया, कोमल, यश, गौरव, अभिनव आदि का सहयोग रहा।

पीयू में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना हेतु चार शिक्षकों को शासन से अनुदान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के तीन विभागों एवं एक शोध केंद्र को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना हेतु शासन से अनुदान स्वीकृत हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने अनुदान प्राप्त करने वाले सभी आचार्यों को बधाई दी है। बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रो. वंदना राय को मोलेकुलर स्टडी ऑफ नान कम्युनिकेबल डिजीज स्टडी इन ईस्टर्न यूपी पॉपुलेशन पर शोध करने हेतु, प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) संस्थान के निदेशक प्रो. देवराज सिंह को पेपर सोलर सेल पर शोध करने हेतु, प्रबंध संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रो. अविनाश डी पाथर्डिकर को दी प्रैक्टिस आफ आईडेंटिफाइंग द वीस्डोम आफ इंडियन स्क्रिप्ट एंड वेदास पर शोध करने हेतु तथा प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) संस्थान स्थित वैकल्पिक ऊर्जा शोध केंद्र के विभागाध्यक्ष डॉ धीरेंद्र कुमार चौधरी को सिंगल क्रिस्टल सोलर सेल पर शोध कार्य करने हेतु अनुदान मिला है। इस अवसर पर प्रो. मानस पांडेय,प्रो. अजय द्विवेदी,प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो.रामनारायण, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ राजकुमार, डॉ मनीष कुमार गुप्ता, डॉ. रसिकेश, डॉ सुनील कुमार, डॉ अमरेंद्र सिंह, डॉ. नीतेश जायसवाल, डॉ.प्रमोद कुमार आदि शिक्षकों ने बधाई दी है।

बिजली विभाग की कार्यवाही : दो लाख की वसूली : बिल न जमा करने वालों की काटी केबल

अयोध्या ब्यूरो : जनपद के मिल्कीपुर में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन विभाग की टीम ने वित्तीय वर्ष समाप्ति होने के चलते बकायेदारों के खिलाफ जमकर कार्रवाई की जा रही है। उपखण्ड कार्यालय कुमारगंज के उपकेंद्रों पर एक लाख से अधिक बकायेदारों के खिलाफ मंगलवार को दो सौ लोगो पर कार्रवाई की गई। सरकारी दफ्तरों को इसी महीने बिल जमा करने की हिदायद दी गई। कई उपभोक्ताओं को बार बार कहने के बावजूद भी बिल न जमा करने पर उनकी लाइन काट दी गई है। उपखंड अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि मार्च समाप्ति होने के चलते सभी सरकारी और उपभोक्ताओं का शत प्रतिशत बिल जमा कराने का निर्देश प्राप्त हुआ है, जिसे सभी उपकेंद पर अवर अभियंता अपनी टीम बनाकर बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे है। मंगलवार को दो लाख से अधिक की राजस्व वसूली की गई है। कुमारगंज उपकेंद्र पर 55,अमानीगंज में 49,तुलसमपुर में 53,खड़भड़िया में 43 लोगो पर कार्रवाई हुई। अवर अभियंता आनंद प्रकाश,रजनीश वर्मा,अवधेश सिंह और सगीर अहमद,अमर सिंह,सचिन कुमार समेत शामिल रहे। मंगलवार से पखवारे भर 31 मार्च तक अब बिजली विभाग हर गांव चौराहे पर शिविर लगाकर विजली का बिल जमा किया जा रहा है। विभाग द्वारा पूरे मार्च विजली बकाया को लेकर अभियान के तहत यह कार्रवायी की जा रही है। वहीइसी महीने बकाया बिल जमा करने कोलेकर लोगो को छूट की जानकारी दी गयी तथा बिल जमा करने पर बकाऐ मे भी कटौती की जा रही है। केएन आई द्वारा मंगलवार 15 मार्च को कामतागंज, बुधवार 16 को इस्लामगंज और दोमुहा, गुरुवार 17 को छतौना और भदैया, शनिवार 19 को पखरौली और बभनगंवा, सोमवार 20 को धरौली और अभियाकला रमंगलवार 21 को वजूपुर और अभियाखुर्द, बुधवार 22को भुलकी और पन्नाटिकरी, गुरुवार 23 को कुछमुछ और टोड़रपुर , शुक्रवार 24 को मलिकपुर और मिश्रपुर, शनिवार 25 को छतौना, सोमवार 26को जादीपुर, बेलामोहन और सलाहपुर, मंगलवार 27 को पखरौली बरुई , बुधवार 28को झौवारा, तथा गुरुवार 29 को भदैया मे शिविर लगाकर बिजली बिल जमा किया जाना है। मंगलवार को कामतागंज बाजार मे बंदी की वजह से दोमुहा मे विजली शिविर लगाकर बिल जमा कराया गया है। अवर अभियंता भदैया फीडर किशनचंद्र कुशवाहा और अवर अभियंता के एन आई फीडर के के मिश्रा की अगुआई मे आज विल जमा कराया गया है। दोपहर बाद तक 12 किसानो को करीब साठ हजार रूपया विजली बिल जमा कराया गया है। बेलामोहन के भीम सिह ने बताया अभीनलकूप बिल पर छूट नही आया है जबकि योजना मे बताया गया है। रमेश दुबे और अमरनाथ पांडेय ने बताया कि, हमारे नाम से दो कनेक्शन का बिल आया है जबकि ऐक ही कनेक्शन लिया हूं। इस पर अधिकारियों ने बताया कि एक बिल पूरा जमा कर देने पर दूसरे की कटौती प्रक्रिया की जाएगी।

राम मंदिर निर्माण समिति की दूसरे व आखिरी दिन की बैठक संपन्न

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। राम मंदिर निर्माण समिति की दूसरे व आखिरी दिन की बैठक संपन्न सर्किट हाउस में संपन्न हुई। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बयान दिया कि तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं को लेकर मंथन हो रहा है।लगभग 30: मंदिर निर्माण का काम पूरा हो चुका है।चंपत राय ने कहा कि ट्रस्ट दीर्घकालिक योजना पर काम हो रहा है। 2 लाख श्रद्धालु भी दर्शन के लिए पहुंचते हैं तो उनको दिक्कत ना हो।50 हजार श्रद्धालुओं के सामानों को रखने की सुविधा दी जाएगी।राम मंदिर परिसर में अग्निशमन वाहन के खड़े होने की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।पानी स्टोरेज की भी सुविधा रहेगी। परिसर में टॉयलेट व प्रसाधन की भी सुविधा रहेगी। थके हुए श्रद्धालुओं को आराम करने के लिए भी भवन बनेगा। राम मंदिर के अलावा 70 एकड़ के विकास पर भी चर्चा की गई। चंपत राय ने बताया लगभग 30: राम मंदिर निर्माण का कार्य हो चुका है। बैठक की अध्यक्षता निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा ने की।बैठक में ट्रस्ट के पदाधिकारी सदस्य के अलावा टाटा कंसल्टेंसी व एलएनटी के एक्सपर्ट भी मौजूद थे।

लोकसभा/राज्यसभा के अब तक 60 सांसदों ने पुरानी पेंशन की बहाली का किया समर्थन

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : इंडियन पब्लिक सर्विस एम्पलाइज फेडरेशन (इप्सेफ) के अध्यक्ष श्री वीपी मिश्र ने बताया है कि आज तक 60 लोकसभा /राज्यसभा सदस्यों ने पुरानी पेंशन को बहाल करने का समर्थन किया है । वह मा प्रधानमंत्री जी को पत्र भेज रहे हैं और लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा भी करेंगे । उल्लेखनीय है कि यह सभी सांसद गैर भाजपा दलों के हैं ,प्रमुखता पंजाब हरियाणा ,हिमाचल ,तमिल नाडु ,पश्चिम बंगाल ,महाराष्ट्र ,तेलंगाना ,गुजरात ,राजस्थान ,छत्तीसगढ़ ,झारखंड से ताल्लुक रखते हैं। श्री प्रेमचंद महासचिव ने खेद व्यक्त किया है कि भाजपा सांसदों ने अभी तक समर्थन व्यक्त नहीं किया है। उन्हें भी अगर कर्मचारियों की सहानुभूति लेनी है तो उन्हें भी पुरानी पेंशन की बहाली का समर्थन करना चाहिए। श्री प्रेमचंद ने बताया सभी राज्यों के सांसद को उन्होंने पेमिका ज्ञापन दे दिया है। उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त हो रही है। श्री अतुल मिश्रा राष्ट्रीय सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश ,मध्य प्रदेश ,आसाम से भी संपर्क स्थापित किया गया है। लोकसभा चुनाव में यह राष्ट्रीय मुद्दा बनेगा। सभी सांसदों को अपना मत व्यक्त व्यक्त करना होगा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

आवाज से आवाज नही मिटती है, आवाज चुप्पी से मिटती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

क्या अब निरर्थक हो रही॑ है परमाणु अप्रसार संधि?

संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक निकाय लागू मानकों के भीतर अपने आचरण को लागू करने में केवल कुछ ही बार सफल हुए हैं, वे बड़ी शक्तियों को वश में करने में कभी भी सफल नहीं हुए हैं। अपने ज्ञान में हम राष्ट्र–राज्यों द्वारा विभिन्न देशों के व्यवहारों को मानकीकृत मानते हैं। इसलिए पॉल कैनेडी ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक द राइज ऐंड फॉल ऑफ ग्रेट पावर्स में तर्क दिया था कि अंतरराष्ट्रीय संतुलन में आर्थिक और तकनीकी प्रवृत्तियों के बीच एक संबंध होता है।

इस अशुभ निष्कर्ष में बहुत दम है कि परमाणु हमले से बचाव या कवच का अस्तित्व खत्म हो चुका है। रूस ने यूक्रेन पर हमले के दौरान परमाणु बलों के अभ्यास का आदेश दिया, जिसने परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) द्वारा लागू वैश्विक व्यवस्था में हमारे विश्वास को तोड़ दिया। गौरतलब है कि एनपीटी पर रूस समेत कई परमाणु शक्ति संपन्न देशों ने हस्ताक्षर किए हैं।

यह संधि परमाणु हथियार वाले उन देशों को परिभाषित करती है, जिन्होंने एक जनवरी, 1967 से पहले परमाणु विस्फोटक उपकरणों का निर्माण और परीक्षण किया था और ये देश हैं–अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन। लेकिन इस संधि में निहित महान मानवीय मूल्यों को देखते हुए बाद में 191 देशों ने भी इस दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए।

यह 1970 में लागू हुई और मई, 1995 में इस संधि को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया गया। किसी भी अन्य हथियार सीमा और निरस्त्रीकरण समझौते की तुलना में ज्यादा देश एनपीटी के पक्षकार हैं, जो इस संधि की महत्ता को दर्शाता है। वास्तव में उनका विश्वास था कि परमाणु हथियारों के प्रसार से परमाणु युद्ध का खतरा गंभीर रूप से बढ़ जाएगा।

उन्होंने परमाणु हथियारों की होड़ समाप्त करने और परमाणु निरस्त्रीकरण की दिशा में प्रभावी कदम उठाने के लिए जल्द से जल्द संभव तारीख हासिल करने के अपने इरादे की घोषणा की थी। अंतरराष्ट्रीय तनाव कम करने और विभिन्न देशों के बीच भरोसे को मजबूत करने, परमाणु हथियारों के निर्माण पर विराम लगाने, सभी मौजूदा भंडारों को विघटित करने, राष्ट्रीय शस्त्रागारों से परमाणु हथियारों के उन्मूलन के लिए इस संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे।

वे सख्त और प्रभावी अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण के तहत सामान्य और पूर्ण निरस्त्रीकरण चाहते थे। यह संधि हस्ताक्षर करने वाले देशों को याद दिलाती है कि संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के मुताबिक, इन देशों को अपने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ धमकी या बल प्रयोग से बचना चाहिए, या संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्यों से मेल नहीं खाने वाले अन्य किसी भी तरीके से बचना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा की स्थापना और रख–रखाव को हथियारों के कम से कम इस्तेमाल के जरिये दुनिया के मानव एवं आर्थिक संसाधनों को बढ़ावा देना चाहिए।

रूस ने इस संधि के आचरण और व्यवहार के सिद्धांतों का उल्लंघन किया, जब उसके सामरिक परमाणु बलों ने शनिवार, 19 फरवरी को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की देखरेख में अभ्यास किया। इस अवसर पर रूस में एक अज्ञात स्थान पर परमाणु बलों द्वारा अभ्यास के दौरान एक रूसी यार्स अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) लॉन्च की गई थी।

अभ्यास के लिए एक आईसीबीएम का चुनाव स्पष्ट रूप से अमेरिका के लिए संदेश है। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि हमने वैश्विक परमाणु व्यवस्था में जनता का विश्वास जगाने वाले 'परमाणु निरोध' की व्यावहारिक बैसाखी खो दी है। और ऐसा कहते हुए हमें नहीं भूलना चाहिए कि रूस ने इस सार्वजनिक डर का इस्तेमाल केवल यूक्रेन पर अपने नियोजित हमले में किसी भी हस्तक्षेप को रोकने के लिए किया था।

इस तरह के नापाक तर्क को मानवीय कानूनों में विश्वास करने वाला कोई भी देश या समूह स्वीकार नहीं कर सकता। सबसे आश्चर्यजनक बात है कि मास्को उन तीन स्थानों में से एक है, जहां इस दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए गए थे और यह उन जगहों में से एक है, जहां इसे सुरक्षित रखा गया है। अब जबकि मानदंडों का उल्लंघन किया गया है, एक खतरनाक रास्ता खुल गया है।

रूस ने निश्चित रूप से एक बुरे राष्ट्र की तरह व्यवहार किया है और यह अन्य बुरे देशों को मानदंडों का उल्लंघन करने से नहीं रोकेगा। इसके विपरीत, पश्चिमी शक्तियों को उन असंदिग्ध देशों पर परमाणु हथियार रखने का आरोप लगाकर अपनी सेनाओं को उतारने से कोई रोक नहीं रहा है।

हमारे पास इराक का उदाहरण है, जब इराक पर सामूहिक विनाश के हथियार रखने का काल्पनिक आरोप लगाकर अमेरिका ने उस पर हमला किया और उस देश को पूरी तरह से तबाह कर दिया। इसके अलावा हमारे सामने ईरान और उत्तर कोरिया जैसी बड़ी आशंकाएं हैं, जो रूसी उदाहरण का सहारा लेते हुए भयावह संदेश दे रही हैं।

उत्तर कोरिया ने पहले भी ऐसा किया है, लेकिन उसकी हरकतों का गंभीरता से संज्ञान नहीं लिया गया। जाहिर है, एक नई विश्व व्यवस्था गढ़ने की जरूरत है। अगर हम बड़ी शक्तियों को अपने निहित स्वार्थों के लिए पूर्ण सैन्य शक्ति के उपयोग की अनुमति देते हैं, तो हम एक अराजक व्यवस्था को जन्म देंगे।

हमें यह याद रखना होगा कि वैश्विक व्यवस्था अनिवार्य रूप से चरित्र में अराजक होगी और इसे शायद वश में करने की आवश्यकता है। प्रसिद्ध ब्रिटिश विद्वान थॉमस हॉब्स का मानना है कि मनुष्य मूलतः एक स्वार्थी प्राणी है। राष्ट्र–राज्य अंततः एक मानवीय समूह हैं, चाहे उसकी राजनीतिक संरचना कुछ भी क्यों न हो।

संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक निकाय लागू मानकों के भीतर अपने आचरण को लागू करने में केवल कुछ ही बार सफल हुए हैं, वे बड़ी शक्तियों को वश में करने में कभी भी सफल नहीं हुए हैं। अपने ज्ञान में हम राष्ट्र–राज्यों द्वारा विभिन्न देशों के व्यवहारों को मानकीकृत मानते हैं। इसलिए पॉल कैनेडी ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक द राइज ऐंड फॉल ऑफ ग्रेट पावर्स में तर्क दिया था कि अंतरराष्ट्रीय संतुलन में आर्थिक और तकनीकी प्रवृत्तियों के बीच एक संबंध होता है।

और इस ढांचे के भीतर, आर्थिक क्षमता, उत्पादकता और राजस्व उत्पन्न करने की क्षमता को सैन्य शक्ति के प्रमुख अवयवों के रूप में देखा गया। उन्होंने चुनिंदा पश्चिमी विस्तारवादी अनुभवों के आधार पर इस मौलिक धारणा पर भरोसा किया था और भविष्यवाणी की थी कि बड़े पैमाने पर सत्ता संघर्ष को बनाए रखने की क्षमता वास्तव में शक्ति की स्थिति की मुख्य परिभाषा होगी। हमारी समस्याएं इस विचार ढांचे में हैं और इसी तरह वैश्विक क्षेत्र में हमारा व्यवहार भी है। भारत को ऐसी अराजक विचारधाराओं के साथ रहने के लिए अपने कवच से बाहर निकलने की जरूरत है और यूक्रेन पर हमले और परमाणु दिखावा, दोनों के संबंध में रूसी कार्रवाइयों पर चुप न रहकर एक रास्ता दिखाने की जरूरत है। हम अपनी संस्कृति और शिक्षाओं से संचार के अपने साधनों की खोज कर सकते हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

पुलिस का अपराधियों में खौफ से व्याप्त होनें के चलते कुख्यात बदमाश ने अपराध से किया तौबा

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ शाहजहाँपुर : पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक नगर / ग्रामीण के पर्यवेक्षण के चलते जनपद में अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाकर उनके ऊपर कड़ी कार्यवाही भी की जा रही है । जिसके चलते शाहजहाँपुर पुलिस की कार्यवाही से डरकर जनपद के थाना मिर्जापुर के गाँव कुडरा पहाड़पुर निवासी कुख्यात बदमाश सुनील उर्फ टुईया ने बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में पहुँचकर अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार के समक्ष उपस्थित हुआ तथा कहा कि मैं अपराधा से तौबा करता हूँ । तथा भविष्य में कोई भी अपराध किया जाता है। तो मेरा एनकाउंटर कर दिया जाये । सुनील उर्फ टुईया के विरूद्ध लूट , डकैती , चोरी , हत्या का प्रयास , मादक पदार्थ तस्करी आदि के एक दर्जन से ज्यादा अभियोग थाना मिर्जापुर के अलावा अन्य थानों पर दर्ज

है । पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शाहजहाँपुर पुलिस द्वारा अपराधा के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाकर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

नगर आयुक्त ने आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ किया बैठक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बैठक में लालबाग भोपाल हाउस मार्केट के व्यापारियों का किराया ना जमा किए जाने, नरही बाजार हजरतगंज में डॉ भाटिया के सामने पार्क में फैली गंदगी, लवलेन मार्केट में सीवर चोक होने के कारण दुकानों में पानी भर जाने की समस्या, अशोक मार्ग पर पानी की निकासी ना होने की समस्या ,भूतनाथ मार्केट इंदिरा नगर में सड़कों पर 200 से 400 स्क्वायर फिट की अस्थाई अवैध दुकानों को हटाने एवं भूतनाथ मार्केट मे पिंक टॉयलेट बनाए जाने का विषय जोर–शोर से उठा। लालबाग नगर निगम कार्यालय में राजधानी के व्यापारियों एवं नगर निगम प्रशासन की बैठक हुई बैठक में नगर आयुक्त अजय द्विवेदी ,उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता, अपर नगर आयुक्त अभय पांडे, अपर नगर आयुक्त पंकज सिंह, जोनल अधिकारी राजेश सिंह, इको ग्रीन के अधिकारी सेनेटरी इंस्पेक्टर, कर अधीक्षक अनूप श्रीवास्तव मौजूद रहे । व्यापारियों के साथ हुई बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने नगर आयुक्त से कमर्शियल हाउस टैक्स बकाया हो जाने पर दुकानों को सील करने की बजाय बाजारों में कैंप लगाकर या व्यापार मंडल के माध्यम से सहयोग लेकर टैक्स जमा कराने की बात कही नगर आयुक्त अजय द्विवेदी ने व्यापारियों से लखनऊ को और अधिक साफ सुथरा बनाने में सहयोग की अपील की आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यापारियों की ओर से पूरा सहयोग देने का वादा किया तथा बैठक में भोपाल हाउस मार्केट के व्यापारियों का किराया जमा ना किए जाने ,नरही बाजार में डॉ . भाटिया के सामने पार्क में फैली गंदगी को

हटाने ,लव लेन मार्केट मे सीवर चोक की समस्या, अशोक मार्ग पर पानी की निकासी ना होने की समस्या, बाल्मीकि मार्ग पर सार्वजनिक मूत्रालय बनाए जाने का विषय भी उठाया गया, भूतनाथ मार्केट इंदिरा नगर में सड़कों पर 200 से 400 स्क्वायर फीट की अस्थाई रूप से सड़कों पर कब्जा करके बनाई गई अवैध दुकानों को हटाने एवं भूतनाथ मार्केट में पिंक टॉयलेट बनाए जाने के मुद्दे भी व्यापारियों ने उठाए नगर आयुक्त अजय द्विवेदी ने व्यापारियों की सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल नरही मार्केट अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह बबुआ, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश मोहन भार्गव, हलवासिया मार्केट प्रभारी महेश सावलानी, प्रिंस कंपलेक्स के अध्यक्ष मोहम्मद हलीम, लवलेन मार्केट के अध्यक्ष मून कमर,विधानसभा रोड हुसैनगंज मार्केट अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह चड्ढा ,भोपाल हाउस मार्केट के प्रभारी संचित गर्ग ,सचिव हरजीत सिंह ,सप्रू मार्ग प्रभारी मोहम्मद आदिल , फरीद अंसारी ,अभिषेक केशरवानी, जफरुल आदि मौजूद रहे।

ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव नाका हिंडोला में होली पर मनाया जायेगा होला महल्ला समागम

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव जी नाका हिंडोला में होला महल्ला का समागम भव्य स्तर पर मनाया जायेगा, जिसमें संगत परमात्मा की भक्ति और हरि रंग में अपनी आत्मा को रंगेगी और भक्ति मय होकर होला मोहल्ला मनाएगी। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने बताया कि इस विशेष समागम में अमृतसर के प्रसिद्ध विद्वान ज्ञानी सुखदेव सिंह जी होली के महत्व और सत्य की विजय के सम्बन्ध में गुरमति विचार प्रस्तुत करेंगे और लखनऊ के प्रसिद्ध रागी भाई राजेंद्र सिंह विशेष तौर पर होला महल्ला के संबंध में गुरबाणी का कीर्तन गायन करेंगे। गुरमति संगीत अकेडमी नाका हिंडोला के बच्चों द्वारा भी शब्द कीर्तन गायन किया जायेगा। शाम के समागम में सिमरन साधना परिवार के बच्चे विशेष रागमयी कीर्तन गायन करके गुरबाणी के रंगों में समूह संगत को विभोर रंगेंगे। सभा के महामंत्री हरमिन्दर सिंह टीटू ने बताया कि गुरमत समागम में आई संगत की सेवा के लिए होला महल्ला के अवसर पर विशेष पकवानों के लंगर लगाए जाएंगे। होला महल्ला के समागम में लंगर वितरण की सेवा हरविंदर पाल सिंह नीटा और कुलदीप सिंह सलूजा की देखरेख में दशमेश सेवा सोसायटी के मेंबर करेंगे। दोपहर में सिक्ख सेवक जत्था बच्चों के खेल भी करवाएगा। खेलों में हिस्सा लेने वाले और जीतने वाले सभी बच्चों को इनाम दिए जाएंगे।

देवा में बोर्ड परीक्षा के छात्र छात्राओं हेतु "गुडलक व फेयरवेल पार्टी" का आयोजन

अयोध्या ब्यूरो : आवासीय देवा इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले सभी हाईस्कूल के छात्र छात्राओं की "गुडलक पार्टी" तथा इन्टरमीडिएट के सभी छात्र छात्राओं हेतु "फेयरवेल" का आयोजन किया गया। इस आयोजन का रंगरूप व कलेवर प्रतिवर्ष से थोड़ा अलग तथा अधिक सकारात्मक रहा। जिसमें सभी छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए बोर्ड परीक्षा से संबंधित अपनी उत्सुकताओं, जिज्ञासाओं व समस्याओं आदि का समाधान प्राप्त किया। छात्रावास प्रमुख सीताशरण मिश्रा तथा शिक्षक घनश्याम यादव ने सभी छात्र छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में शामिल होने हेतु सभी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विद्यालय प्रबंधक सहदेव उपाध्याय ने सभी छात्र छात्राओं को स्नेहाशीष के साथ अपने अनुभवों से अभिसिंचित कर छात्रों को जीवन की परीक्षा में निडर होकर आगे बढ़ने और सफलता हासिल करने के मंत्र दिए व कहा कि छात्र–छात्राओं की शैक्षिक रुचि, शिक्षकों का शिक्षण के प्रति समर्पण देखकर मैं यह कह सकता हूं कि शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय इस वर्ष जिले में व प्रदेश में निश्चित रूप से अपना स्थान बनाएगा। विद्यालय के होनहार छात्र–छात्राएं, अद्वितीय बोर्ड परीक्षा परिणाम द्वारा अपने नाम के साथ साथ अपने माता पिता, अपने शिक्षकों व अपने विद्यालय को जिला स्तर व प्रदेश स्तर पर अवश्य ही गौरवान्वित करेंगे। प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा ने सभी छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य, उनके परिश्रम तथा उसके सफल परिणामों हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर परीक्षा सहायक सुनील जायसवाल तथा हाउस इंचार्ज सुमन दुबे ने सभी छात्र छात्राओं को अक्षत–रोली का टीका लगाया तथा मुंह मीठा कराकर भावी जीवन की सफलता हेतु शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय उप प्रबंधक अजय उपाध्याय सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

जिले में 12 से 14 वर्ष के बच्चों का कोविड टीकाकरण शुरु

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 15 मार्च 2022 – जनपद में बुधवार से 12 से 14 वर्ष के बच्चों के कोविड टीकाकरण की शुरुआत होगी। इसकी शुरुआत जनपद के लीलावती महिला चिकित्सालय में होगी जिसमें 12 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए अलग से बूथ बनाकर उन्हें टीका लगाया जाएगा। वहीं होली के बाद जनपद के सभी केंद्रों पर वृहद कोविड टीकाकरण अभियान चलेगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस समूह के बच्चों को कोर्बिवैक्स वैक्सीन लगाई जाएगी जिसकी दूसरी खुराक 28 दिन बाद लगाई जाएगी। कोविड टीकाकरण अभियान में छोटे बच्चों का टीकाकरण सातवें चरण के रूप में शुरू किया जा रहा है। इसके साथ ही 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को एहतियाती (प्रीकाशनरी) डोज लगाई जाएगी। पहले केवल कोमार्बिड वाले बुजुर्गों को ही प्रीकाशनरी डोज लगाई जा रही थी। 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के नागरिक जिन्हें दूसरी डोज लगे नौ महीने से अधिक का समय बीत चुका है, वह नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर प्रीकाशनरी डोज अवश्य लगवा लें। अभी तक के टीकाकरण की स्थितिः जनपद में अभी तक 68,19,153 से अधिक कोविड टीकाकरण की डोज लगाई जा चुकी है जिसमें से 38,56,590 को पहली डोज, 29,12,548 को दूसरी डोज तथा 50,115 को प्रीकाशनरी डोज शामिल है। 15 से 18 वर्ष के किशोरों को कुल 4,74,273 डोज से अधिक का टीकाकरण हो चुका है जिसमें से 2,93,544 से अधिक को पहली डोज तथा 1,80,729 को दूसरी डोज लग चुकी है। 18 से 44 वर्ष की उम्र के लोगों में 41,27,507 डोज से अधिक का टीकाकरण हो चुका है। इसमें से 24,02,956 को पहली डोज तथा 17,24,551 को दूसरी डोज का टीका लग चुका है। 45 से 60 वर्ष की उम्र के लोगों में 12,84,330 डोज का टीकाकरण हो चुका है जिसमें से 6,90,955 को पहली डोज तथा 5,93,375 को दूसरी डोज का टीका लग चुका है। 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में 8,46,457 डोज का टीकाकरण हो चुका है। इसमें से 4,40,736 को पहली डोज, 3,85,147 को दूसरी डोज तथा 20,576 को प्रीकाशनरी डोज लग चुकी है।

23 मार्च तक खाद्यान्न का किया जायेगा निःशुल्क वितरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि माह–मार्च, 2022 के प्रथम चक्र में होने वाले नियमित खाद्यान्न वितरण के अन्तर्गत 06 मार्च 2022 से 18 मार्च 2022 तक निर्धारित की गयी थी, किन्तु जनपद के कुछ ब्लाकों में उचित दर विक्रेताओं को निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत विपणन गोदामों से खाद्यान्न तथा साबुत चना, आयोडाइज्ड नमक एवं रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल का निर्गमन न होने के कारण जनपद के समस्त लाभार्थियों को उपरोक्त वस्तुओं का वितरण 18 मार्च 2022 तक कराया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में शासन के पत्र द्वारा उठान/वितरण की तिथि 23 मार्च 2022 तक विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा0 खाद्यान्न (20 किग्रा0 गेहूँ व 15 किग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति यूनिट (03 किग्रा0 गेहूँ व 02 किग्रा0 चावल) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों को सुनिश्चित कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को खाद्यान्न के साथ–साथ आयोडाइज्ड नमक, दाल/साबुत चना, खाद्य तेल (यथा सरसों तेल/रिफाइंड ऑयल) निःशुल्क वितरण किया जायेगा। प्रत्येक अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारक को 01 किग्रा0 आयोडाइज्ड नमक, 01 किग्रा0 साबुत चना तथा 01 लीटर रिफाइंड सोयाबीन ऑयल का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। राशनकार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत 23 मार्च 2022 तक उक्तानुसार पाँचों सामग्री एक साथ प्राप्त करने की सुविधा उचित दर विक्रेता के स्टॉक में उपरोक्त वस्तुओं की उपलब्धता की सीमा तक अनुमन्य रहेगी। उक्त योजना के वितरण की अन्तिम तिथि 23 मार्च 2022 होगी। अतः पूर्व निर्धारित तिथि 18 मार्च 2022 एवं 23 मार्च 2022 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न न प्राप्त कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरिफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जायेगा। तत्क्रम में जनपद के उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए नियमानुसार खाद्यान्न व अन्य आवश्यक सामाग्रियों का निःशुल्क वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

बदलापुर नगरपंचायत को मिली गैस पाइपलाइन की सौगात

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चुनाव परिणाम में विजय श्री मिलते ही विधायक रमेश चन्द्र मिश्र क्षेत्र के विकास के लिए दोगुने उत्साह से जुट गये हैं! इधर प्रदेश में मंत्रिमंडल गठन की तैयारी चल रही थी कि विधायक रमेश चन्द्र मिश्र दिल्ली पहुँच कर नगरपंचायत वासियों के लिए होली पर विशेष सौगात की स्वीकृति कराई है ! उनके प्रयास से इंडियन आयल ने नगरपंचायत क्षेत्र में पाइप लाइन द्वारा घर – घर रसोई गैस वितरण की स्वीकृति दी है! पाइप लाइन से होने वाले रसोई गैस वितरण से नगरपंचायत के पन्द्रह वार्ड के 5500 घरों के 35 हजार लोगों को सीधे लाभ होगा! गौरतलब है कि यह सुविधा अभी तक महानगरों में ही सुलभ है! जौनपुर जिले में बदलापुर नगरपंचायत को यह पहली सौगात मिली है! विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि बहुत जल्द ही इस महत्वाकांक्षी योजना को अमली जामा पहनाया जाएगा! क्षेत्र के डा0 प्रमोद मिश्र, अनिल पाण्डेय, विनोद सिंह प्रबन्धक, गंगा प्रसाद सिंह, अनिल सिंह शक्ती, राजदेव सिंह, आदित्य प्रताप सिंह आदि लोगों ने विधायक को बधाई दिया है!

खपाया जा रहा नकली और मिलावटी खोवा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : होली पर गुझिया एक ऐसी मिठाई है जो हर घर में बनती है और गुझिया के लिए चाहिए खोवा। इसलिए होली के चलते बाजार में इन दिनों खोवा की मांग तेज है। जबकि बाजार में इतना खोवा है नहीं। ऐसे में मिलावटखोरों के हाथ अच्छा मौका लगा है। वे धड़ल्ले से नकली और मिलावटी खोवा बाजार में खपा रहे हैं। ऐसे में लोगों की सेहत से बड़ा खिलवाड़ हो रहा है। खोवा दूध से बनता है और दूध का रेट कहीं भी 5० रुपए प्रति लीटर से कम नहीं है। एक किलो खोवा बनाने में कम से कम चार से साढ़े चार लीटर दूध लगता है। ऐसे में दूधा 250 रुपए का हो जाता है। खोवा बनाने में लगभग २० रुपए का ईंधन भी खर्च होता है। इसके अलावा माल ढुलाई का खर्चा और बनाने वाले का मुनाफा जोड़कर किसी भी हालत में एक किलो खोवा की लागत २80 रुपए से कम नहीं हो सकती। खोवा आढ़ती बताते हैं कि बाजार में मिलावटी खोवा 240 रुपए प्रतिकिलो भी मिल जाता है। मिलावटखोर ८० रुपए प्रतिकिलो वालो पाउडर से भी खोवा तैयार कर देते हैं। रिफाइन से बने खोवा की कीमत भी १८० रुपए प्रतिकलो रहती है। देखने और सुगंध में यह असली खोवे जैसा लगता है। कई बार वजन बढ़ाने के लिए इसमें चॉक भी मिला दी जाती है। मिलावटी खोवा आपके लिवर व अन्य अंगों के लिए खतरनाक है। रंगीन मिठाई और चांदी का वर्क कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी दे सकता है। मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य विभाग भी जगह–जगह अभियान चला रहा है। खोवा आढ़तियों और मिठाई व्यापारियों ने भी खोवा की जांच के लिए मोबाइल टेस्टिंग लैब की मांग की है, ताकि समय पर खोवा की जांच हो सके।

दरवाजे पर खड़ी ट्रैक्टर चोरी : पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के पांडेयपुर गाँव निवासी विनोद दुबे के दरवाजे पर खड़ी ट्रैक्टर बीते 4 मार्च की रात गायब हो गई जिसकी सूचना पीड़ित ने लिखित तहरीर देकर पुलिस को दिया जिसके आधार पर पुलिस ने मंगलवार को अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। जानकारी के अनुसार,बीते अक्टूबर महीने में विनोद दुबे ने अपने बेटे किशन के नाम एजेंसी से नया ट्रैक्टर खरीदा था,जिसका अभीतक नंबर भी नही मिला था।वही बीते 4 मार्च की रात ट्रैक्टर दरवाजे से गायब हो गई थी जिसकी सूचना पीड़ित विनोद दुबे लिखित तहरीर देकर नेवढ़िया पुलिस को दिया जिसके आधार पर मंगलवार को पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक जांच पड़ताल में जुट गई।इस संबंध में थानाध्यक्ष नेवढ़िया विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्यवाही किया जा रहा है।

एक सप्ताह के भीतर पंचायत भवनों को करें सुसज्जित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सहायक विकास अधिकारी पंचायत राम अवध ने विकासखंड के सभागार में पंचायत सचिवों की बैठक में कहा कि एक सप्ताह के भीतर किसी भी दशा में पंचायत भवनों को सुसज्जित करना सुनिश्चित करें। क्योंकि शासन की मंशा के मुताबिक अब जन शिकायतों का निस्तारण पंचायत भवनों पर ही अधिकारियों कर्मचारियों के मौजूदगी में निस्तारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के पंचायत भवनों में पेंटिंग, बोर्ड, फर्नीचर ,सीसीटीवी कैमरा, लाइट ,कंप्यूटर, इंटरनेट के साथ ही साथ लेखपाल कक्ष, सचिव कक्ष, पंचायत सहायक कक्ष ,तथा पुलिस सहायता केंद्र की व्यवस्था तत्काल करें। सहायक विकास अधिकारी ने पंचायत सचिवों को चेताया कि इस प्रकरण में अविलंब कार्यवाही करना सुनिश्चित करें ताकि उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा सके। गौरतलब है कि विकास क्षेत्र में अभी तक 95 ग्राम पंचायतों में मात्र 65 पंचायत भवन मौजूद है! उनमें भी दर्जन भर से ज्यादा पंचायत भवन जीर्ण शीर्ण है! बैठक में दुर्गेश तिवारी, रणजीत सिंह, अजय कनौजिया, अनूप सिंह, विनय यादव प्रेम नारायण अवनीश कुमार ,श्रीपत मौर्या आदि लोग मौजूद थे।

सामाजिक एवं राष्ट्रीय उत्तरदायित्वों के प्रति संवेदनशील बने छात्र–डॉ. प्रवीण सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री गणेश राय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्रा डोभी में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के सचिव डॉ. प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि छात्र राष्ट्र के भविष्य हैं।इसलिए आवश्यक है कि छात्र सामाजिक एवं राष्ट्रीय उत्तरदायित्व के प्रति संवेदनशील बने।उनके व्यक्तित्व में ऐसे गुणों का समावेश होना चाहिए की जिनके द्वारा एक स्वस्थ समाज का निर्माण होना अवश्यम्भावी हो सके।प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का मूल उद्देश्य है कि युवा छात्र राष्ट्र व समाज के प्रति अपने दायित्वों को लेकर संवेदनशील बने। शिविर के दौरान संचालित स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, वृक्षारोपण, मलिन बस्तियों की सफाई, नशा मुक्त समाज का निर्माण,सामाजिक कुरीतियों से लड़ने का संकल्प जैसे कार्यक्रम समाज के साथ साथ युवाओं में रचनाशीलता, सृजनात्मकता में महत्व भूमिका निभाते हैं। सप्ताह के अंतिम दिन छात्र छात्राओं ने आतंकवाद के विरोध में रैली निकाली। स्वयं सेविकाओं ने प्रभात फेरी के लिए ग्राम बरडीहा,लेवरूवा व बिहद्दर गए। भोजनावकाश के पश्चात महाविद्यालय परिसर में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा साथ ही शिविरार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ बृजेंद्र कुमार सिंह ने कार्यक्रम में आए सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार जायसवाल, डॉ.मो.निहाल खान, डॉक्टर आनंद सिंह,डॉ. रमाशंकर सिंह, श्रीमती सरिता सिंह,डॉ. अनिल कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कई ऐतिहासिक कथाओं को समेटे है फाल्गुनी पूर्णिमा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : होली का पर्व फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथी को होता है।यह तिथि कई पौराणिक कथाओं को समेटे हुए हैं। होलिका दहन इस वर्ष 17 मार्च की रात में होगा।संक्रांति काल की भांति ही होलिका दहन के पूजनका फल मिलता है। होली पर्व के विषय में होलिका और प्रहलाद की कथा प्रचलित है। होलिका को वरदान प्राप्त था कि उसे अग्नि जला नही सकती इसीलिये दैत्यराज हिरण्यकश्यप ने अपने विष्णु भक्त पुत्र प्रहलाद को होलिका की गोद में अग्नि को समर्पित कर दिया जिससे प्रहलाद का अन्त हो जाय। देवयोग से होलिका जलकर भस्म हो गयी पर प्रहलाद का बाल बांका भी नही हुआ। बुराइयों को समाप्त करने का महत्व इस पर्व के विषय में निहित है, तभी से होलिका जलाने की परत्परा चली आ रही है, जिसे धूम–धाम से मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है भगवान श्रीकृष्ण ने पूतना नामक राक्षसी का वध भी आज ही के दिन किया था। इसी पूर्णिमा की रात्रि में गोप और गोपियों के साथ भगवान श्रीकृष्ण ने रासलीला रचाई थी और दूसरे दिन रंग खेलने का उत्सव मनाया था। इसी दिन मनु का जन्म भी हुआ था। होलिका दहन मूहूर्त ज्योतिष व तंत्र आचार्य डा0 शैलेश मोदनवाल के अनुसार होलिकादहन के विषय में कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं का पालन अनिवार्य है जैसेय फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा हो, रात्रि में होलिकादहन हो तथा भद्रा बीत चुकी हो। 17 मार्च दिन गुरूवार को दोपहर 1 बजकर 1 मिनट के बाद पूर्णिमा लग जाएगी जबकि भद्रा रात्रि 12–58 बजे समाप्त हो जायेगी अतः 17 मार्च गुरूवार को रात्रि 12–58 बजे के बाद होलिका दहन का मूहूर्त प्रारम्भ हो जायेगा। भद्रा में होलिका दहन करना निषिद्ध है। संक्रांति काल की भांति ही फलदायी हैं साधना ज्योतिष व तंत्र आचार्य डा0 शैलेश मोदनवाल ने कहा कि शास्त्रों में दीपावली, होली, ग्रहण आदि को संक्रान्ति काल की तरह फलदायी कहा गया है, ऐसे सन्धिकाल बेला में की गई साधना विशेष लाभप्रद कहा गया है। साधना के लिये मूहूर्त काल को ध्यान में रखना आवश्यक होता है। मूहूर्त काल में ही होलिका दहन करने का विधान शास्त्रों में दिया गया है। अभीष्ट कामनाओं की सिद्धि, काम्यपूरक उपासना जैसे– धन प्राप्ति, संतान प्राप्ति, बाधाओं का निवारण, व्यापार व कार्य में प्रगति तथा इष्ट की कृपा प्राप्ति के लिये इस अवसर पर की गई साधना से त्वरित लाभ की प्राप्ति होती है। क्योंकि इस अवधि में ईश्वरीय एवं पारमर्थिक शक्तियाँ विशेष गति में होती है, जो साधक द्वारा किये गये पूजा, जप, अनुष्ठान को त्वरित परिणाम देने में सहायक मानी जाती है। अतः जीवन में आई हुई बाधाओं से पार होने के लिये उक्त अवधि में उपासना विशेष लाभप्रद है। डा0 मोदनवाल ने बताया कि किसी भी साधना के पूर्व गुरू और इष्ट की वन्दना आवश्यक होता है। भैरव की उपासना से भय से मुक्ति, दुर्गा का उपासना से सब कार्यो की सिद्धि, बुध ग्रह की पीड़ा का निवारण एवं हनुमान जी की उपासना से शनि पीड़ा का निवारण होता है तथा अभीष्ट कार्यो की सिद्धि होती है। माँ लक्ष्मी की अर्चना से धन, ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। शिव की पूजा से चन्द्र ग्रह की शांति एवं आरोग्यता की प्राप्ति होती है। भगवान गणेश की अर्चना से विघ्न दूर होते है तथा भगवान नारायण की पूजा मोक्ष प्रदान करने वाली है। ऐसे करे पूजन वैसे तो होलाष्टक फाल्गुन शुक्ला अष्टमी से प्रारम्भ होकर पूर्णिमा को सम्पन्न होता हैं। पँ0 देवीप्रसाद मिश्र ने बताया कि गन्धपुष्प, अक्षत धूप दीपादि से होली का पूजन करना चाहिये। योनि नामक मंत्र को जोर से उच्चारित कर पूजन करें। जो मनुष्य उक्त मंत्र को बोलकर होली का पूजन करता है, उसे एक साल तक कोई पीड़ा नही होती तथा वह सुखी रहता है। जलती होली में गेहूं, चने, और जौ की बालों को भूनने का भी विधान है। होली की ज्वाला की तीन परिक्रमा अवश्य करनी चाहिये। फाल्गुन पूर्णिमा को भगवान नारायण का दर्शन करना विशेष फलदायी कहा गया है। इस दिन प्रथम भगवान श्रीकृष्ण को गुलाल लगाने के पश्चात ही सभी को गुलाल लगाना चाहिये। ऐसा करने से वर्ष भर प्रभु की कृपा बरसती है।

वर्ग विशेष की महिला ने घर के सामने होलिका दहन का किया विरोध : अधिकारियों ने समझा–बुझाकर किया मामले का निपटारा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र में गजना गांव निवासी एक संप्रदाय की महिला ने गौराबादशाहपुर थाने में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की उसके घर के सामने होलीका न जलाई जाए। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सदर हिमांशु नागपाल सीओ केराकत शुभम तोड़ी और गौराबादशाहपुर थानाध्यक्ष अवधनाथ यादव ने पहुंच कर मामले का निपटारा किया। गजना गांव में ग्राम पंचायत की 202 एयर जमीन पर पिछले 20 वर्ष से होलिका दहन किया जा रहा था। उसी जमीन के सामने रहने वाले एक वर्ग विशेष की महिला ने थाने पर लिखित शिकायत दी कि उसके घर के सामने होलिका दहन ना किया जाए। इस प्रकरण की सूचना थानाध्यक्ष ने एस डी एम और सीओ को दिया। जिस पर मंगलवार को एस डी एम सदर हिंमांशु नागपाल , सीओ केराकत शुभम तोड़ी व थानाध्यक्ष अवध नाथ यादव गांव में पहुचकर पंचायत भवन में ग्राम प्रधान व दर्जनों गांव के सभ्रांत लोगों के साथ बैठक किया। बैठक करने के बाद सबकी सहमति से निर्णय लिया गया कि होलिका दहन जहां हो रहा था वही किया जाएगा। होलिका दहन के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर थाने की फोर्स मौजूद रहेगी जिससे कोई अप्रिय घटना न हो सके। ग्रामीणों ने एस डी एम के पहल की सराहना करते हुए शांति पूर्वक उसी स्थान पर होलिका दहन करने की सहमति दी। एस डी एम सदर ने उक्त महिला को होलिका दहन करने के दौरान किसी भी प्रकार का कोई विरोध न करने का निर्देश दिया। इस दौरान थानाध्यक्ष अवध नाथ यादव, प्रधान प्रतिनिधि आशीष यादव, समर बहादुर यादव, रामसम्हार यादव आदि मौजूद रहे।

यूबीआई फ्रेन्चाइजी पर पैसा खाते से ज्यादा निकालने का लगाया आरोप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भदोही जनपद का एक व्यक्ति मीरगंज थाना पहुच मीरगंज बाजार के एक युनियन बैक की फ्रैन्चाइजी पर 25 हजार की जगह 35 हजार निकाल लेने का आरोप लगाया है उसने पुलिस को लिखित शिकायत किया है। भदोही जनपद के दुर्गागंज थाना के गडौरा गाँव निवासी शहजाद 11 फरवरी को अपनी ससुराल मीरगंज बाजार आया था वहा वह एक युनियन बैक की फ्रैन्चाइजी से 25 हजार निकाला उसका आरोप है की उससे रजिस्टर पर दस्तखत करा लिया गया और वह 25 हजार लेकर वापस घर चला गया एक महिने बाद जब वह अपने खाता की पासबुक पर इन्ट्री कराया तो पता चला की उसके खाते से 25 की जगह फ्रेन्चाइजी संचालक ने 35 हजार निकाल लिया।उसने इसकी शिकायत फ्रेन्चाइजी से की तो वह पैसा वापस करने से मुकर गया जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की है।

वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक वारंटी इलाकाई पुलिस के हत्थे चढ़ गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय को भेज दिया गया। अपराध पर नियंत्रण एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखने के सन्दर्भ में थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक धुरेन्धर प्रसाद व हेडकांस्टेबल पवन कुमार ने फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के जमौली गांव निवासी अभियुक्त रमेश कुमार पुत्र राज बहादुर मुकदमा अपराध संख्या 3042/16भादवि की धारा 323, 325, 504 में निरूद्ध है।उक्त अभियोग में जारी वारंट के तहत पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

होलिका दहन स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की उठी मांग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तहसील क्षेत्र के कम्मरपुर गांव में होलिका दहन स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने के लिए हिंदू युवा वाहिनी इकाई बदलापुर के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। सौंपे गए शिकायती पत्र में कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि गाँव के ही कतिपय लोग सुरक्षित होलिका दहन स्थल पर कजा कर लिया है! यह भी कहा है कि यदि तत्काल होलिका दहन स्थल को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया तो कार्यकर्ता सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे। हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता रामकृष्ण सिंह ने एसडीएम से होलिका दहन स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराकर होलिका दहन संपन्न कराने की मांग किया है। उप जिलाधिकारी लाल बहादुर ने प्रकरण को संजीदगी से लेते हुए तहसीलदार बदलापुर मृदुला दुबे को होलिका दहन स्थल को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराए जाने का जिम्मा सौंपा है ! गौरतलब है कि यदि तत्काल होलिका दहन स्थल को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया तो विवाद गहरा जा सकता है!

औद्योगिक क्षेत्र में जगह जगह पर लगा कूड़ो का अंबार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत् सरकार स्वच्छता के प्रति अति गंभीर है। वहीं दूसरी ओर सतहरिया औद्योगिक क्षेत्र में जगह जगह कूड़ों का अंबार लगा हुआ है। आवासीय क्षेत्र में नियमित रूप से कूड़ों का उठान भी नही होता है। जब इस संबंध में सीडा प्राधिकरण के जिम्मेदारों से बात करना चहा तो वे कुछ बोलने को तैयार नही होते है। आवासीय सहित जगह जगह पर कूड़ों का ढ़ेर लगने से आने जाने में राहगीरों को दुर्गंध का शिकार होना पड़ता है तो वहीं संक्रामक बीमारी फैलाने की हमेशा अंदेशा बना रहता है। जानवर भी कूड़ों को सूंघ व खा कर बीमार होते रहते है। कालोनी के लोगों का आरोप है कि मेंटेनेंस शुल्क वसूलने के बाद भी औद्योगिक प्राधिकरण क्षेत्र में साफ साफई के प्रति जिम्मेदार पूरी तरह उदासीन है। आवासीय क्षेत्र में कूड़ा एकत्र करने के लिए पर्याप्त डस्टबिन नही लगाएं गए है। इसके कारण कूड़ा करकट जगह जगह सड़क पर बिखरे रहता हैद्यसीडा विकास समिति के अध्यक्ष शिवा जी सिह का आरोप है कि सीडा द्वारा मेंटनेंस शुल्क के नाम पर लाखों रूपए वसूल किया जाता है। लेकिन यहां पर साफ सफाई की व्यवस्था नगण्य है। उद्यमियों ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि औद्योगिक क्षेत्र में पर्याप्त डस्टबिन लगाए जाएं तथा साफ सफाई की व्यवस्था की मुकम्मल इंतजाम किया जाए।

सजे होली के बाजार, खरीदारों की उमड़ने लगी भीड़

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रंगों का त्योहार होली 18 मार्च को मनाया जाएगा। होली में कुछ ही दिन समय बचा है। ऐसे में होली की मस्ती शुरू हो गई है। होली को देखते हुए बाजार सहित आस पास के इलाकों में रंगों और पिचकारियों की दुकानें सज गई है। दुकानों पर कार्टून कैरेक्टर्स से लेकर टैंक व अन्य तरह की पिचकारियां बाजार में आकर्षण का केंद्र हैं।होली का उत्साह अब दिखने लगा है। चुनाव के बाद लोगों का उल्लास और बढ़ गया है। इसको देखते हुए जगह जगह दुकानें सजने लगी है। सिंगरामऊ, लालगंज, बहरीपुर बाजार में एक दर्जन से अधिक दुकानें सजी है। यहां लोगों की भीड़ भी जुटने लगी है। दुकानों पर रंग गुलाल के साथ ही मुखौटे सजे हैं। बच्चों को ध्यान मे रखते हुए खास तरह के पिचकारी, अबीर और गुलाल सजे हैं। बच्चों में कार्टून कैरेक्टर्स वाले पिचकारियों की डिमांड ज्यादा है। मोटू और पतलू, छोटा भीम, नोबिता, डोरेमोन आदि कार्टून कैरेक्टर वाले पिचकारियों की डिमांड अधिक है। दुकानदार मनोज ने बताया कि होली के सामान पर महंगाई का असर है। अबीर, गुलाल, पिचकारियां, मुखौटे आदि पिछले वर्ष के मुकाबले बीस प्रतिशत महंगा हुआ है। बावजूद इसके खरीदार सामने आ रहे हैं। वहीं रंग अबीर की दुकान सजाए लल्लू ने बताया कि पानी में घोलने के कई तरह के कार्टून कैरेक्टर्स वाले पिचकारी उपलब्ध है। वहीं इस वर्ष हर्बल रंगों की डिमांड अधिक है।

सुचिता पूर्ण परीक्षा के लिए तैयारियां मुकम्मल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : माध्यमिक शिक्षा परिषद की इलाहाबाद बोर्ड की 24 मार्च से होने वाली परीक्षा को लेकर कालेज प्रशासन ने तैयारियां मुकम्मल कर ली है! सल्तनत बहादुर इन्टरकालेज में कक्षा दसवीं के 660 तथा कक्षा बारहवीं के 474 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे! प्रधानाचार्य केन्द्र व्यवस्थापक बेचन सिंह ने बताया कि परीक्षा सुचितापूर्ण कराने के लिए 21 उन कक्षों को सीसी टीवी कैमरा और इन्टरनेट से जोड़ दिया गया है जिनमें परीक्षा संचालित की जाएगी! इन कक्षों में 42 कक्ष निरीक्षक, तीन सदस्यीय तलाशी दस्ता जिनमें सूर्य प्रकाश सिंह, स्वाती सिंह तथा धर्मेन्द्र शुक्ला शामिल होंगे! परीक्षा संचालन टीम में ब्रम्हदेव निगम, वृजेश मौर्य अमरनाथ वर्मा होंगे! मोचक टीम में तेजप्रताप सिंह तथा देवेंद्र प्रताप सिंह शामिल हैं!

खाद्य विभाग से लिया गया नमूना दुकानदार ने छीना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खाद्य विभाग द्वारा होली पर्व के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए मंगलवार को खाद्य विभाग द्वारा नगर में कई दुकानों पर छापेमारी किया गया। कस्बा स्थित एक किराने की दुकान से लिए गये नमूने को दुकानदार द्वारा छीन लिये जाने के बाद मामला काफी गरम हो गया। बाद में एसडीएम लालबहादुर एवं सीओ अशोक कुमार सिंह के हस्तक्षेप के बाद नमूना वापस हुआ तब जाकर मामले का पटाक्षेप हुआ। खाद्य निरीक्षक सूर्यमणि, अमरदेव कुशवाहा एवं आरपी पटेल की टीम सबसे पहले बंगाली स्वीट्स एवं मोनू स्वीट्स की दूकान से खोवा का नमूना लिया। इसके बाद भैयालाल निगम की किराने की दुकान से चिप्स का नमूना लेकर सामने स्थित शनी निगम की दुकान से कचरी का नमूना लेकर कागजी कार्यवाई पूरा कर रहे थे कि तभी व्यापारियों की भीड़ बढ़ गयी। बढ़ती भीड़ के दौरान दुकानदार शनी निगम ने लिये गये नमूने को देने से इंकार कर दिया। व्यापारियों एवं फूड विभाग की टीम के बीच कहासुनी शुरु हो गई। मामला शांत होता न देख टीम तहसील में पहुंचकर घटनाक्रम एसडीएम लालबहादुर एवं सीओ अशोक कुमार सिंह को बताया। बाद में काफी जद्दोजहद के बाद लिये गये नमूने को अधिकारियों द्वारा वापस कराया गया। व्यापारियों का आरोप है कि छोटे व्यापारियों को महज परेशान करने की गरज से खाद्य पदार्थ एवं औषधि विभाग द्वारा नमूना लिया जाता है! विभाग उन्हीं दुकानों पर छापेमारी करता है जहाँ से उन्हें महीना नहीं मिलता है!

13 घंटे तक रेलवे क्रॉसिंग जफराबाद–सुल्तानपुर रेल मार्ग पर स्थित 23 सी रही बंद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रेलवे स्टेशन श्री कृष्णा नगर के पश्चिम स्थित गेट संख्या 23 सी 13 घंटे तक बंद रहने के कारण सड़क यातायात परिवर्तित कर दिया गया था । जफराबाद– सुल्तानपुर रेल मार्ग पर स्थित गेट संख्या 23 सी पर मरम्मत कार्य के चलते बीती रात 8:00 बजे से मंगलवार सुबह तक गेट बंद कर दिया गया था। यह जानकारी रेलवे स्टेशन श्री कृष्णा नगर के वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर मनोज कुमार केसरी ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज – शाहगंज तक की सड़क यात्रा के लिए रोड डायवर्ट कर दिया गया था। चार पहिया वाहनों को प्रयागराज जाने के लिए कलिंजरा मोड़ से तेजी बाजार महाराजगंज होते हुए भेजा गया! जबकि और शाहगंज जाने वालों के लिए महाराजगंज से कलिंजरा बदलापुर होते हुए भेजा गया। वरिष्ठ अभियंता मनोज केसरी ने बताया कि रेल यातायात को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के उद्देश् से मरम्मत का कार्य कराया गया।

बापू बाजार में नन्हें–मुन्ने बच्चों में वितरित हुआ पेन, कापी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा विकास खण्ड के माँ गुजराती पीजी कालेज चुरावनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवीध्सेवीकाओं ने सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतिम दिन मंगलवार को बापू बाजार लगाया। प्राथमिक विद्यालय भटपुरा के प्रांगण में पहुँचे छात्र–छात्राओं ने स्कूल के सैकड़ों नन्हें–मुन्ने बच्चों को कॉपी, कलम सहित जरूरी सामान वितरित किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान मनोज यादव ने कहा कि सात दिवसीय कार्यक्रम में रासोयो के छात्र–छात्राओं ने गांव–गांव भ्रमण के दौरान मलिन बस्तियों के बीच जागरूक करने का सराहनीय कार्य किया है। ऐसे में रासेयो के छात्र बधाई के पात्र है। विशिष्ट अतिथि प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाअध्यापक रामनारायण यादव ने कहा कि रासेयो के छात्रों को सेवाभाव का ध्यान रखना चाहिए। आगे बड़ी जिम्मेदारी है उसका निर्वहन करे। इस दौरान प्रबन्धक सूर्यप्रकाश बबलू , कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंद्रभान यादव, डॉ. इंद्रकुमार सिंह, विजय बहादुर पाल आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. बसन्त पाठक ने किया।

अब नहीं सुनाई देती ढोलक की थाप पर होली गीत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलते परिवेश के साथ सदाबहार पुराने परंपरागत होली गीतों का लोप होता जा रहा है। होली शुरू होते ही गांव में गलियां, चौराहे गुलजार हो जाते थे। ढोलक की थाप पर मजीरा, झांझ के साथ कर्णप्रिय गीत होली आने का संकेत महीने भर पहले से आमद करा देते थे। उक्त गीत नसीहत भरे और प्राकृतिक वातावरण को समेटे मर्मस्पर्शी और झंकार पैदा करने लगती थी। पूरे गाव के लोग एक जगह बैठकर कर शाम को सिल–बट्टे की खनक के साथ भांग का सेवन करके नसीहत और मिठास भरे पुरातन गीतों को गाते और सुनते थे। सभी प्रेम पूर्वकपूरा महिलाएं पुरुष बच्चे सभी एक स्थान पर जुट कर के गीत का आनंद उठाते थे। लेकिन अब बदलते समय के साथ धूम–धड़ाके वाले कानफोडू अश्लील गीतों के आगे सुमधुर आवाज वाले पुराने गीत गुम होते जा रहे हैं। कभी जनमानस के जेहन में स्थान बनाने वाले फाल्गुनी ऊंटों पर बैठकर गायक द्वारा गाए जाने वाले प्रियतमा तो अब लुप्त हो गया। फागुन की मिठास लिए फगुआ बेलवईया, चौता के गीत गाने वाले की भी अब कमी हो गई है। अब वह पुराने गीत गायक दोनों का लोप होता जा रहा है। अब आधुनिकता का पुट लिए अश्लील गीत उनका स्थान ले ले रहे हैं। इस संबंध में बुजुर्ग राम ललित तिवारी ने बताया कि पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। अब वह पुराने गीत खत्म होते जा रहे हैं। होली के एक महीने पहले से ही शाम को गायक आते और गीत गाते तो वहां पर पूरा गांव इकट्ठा होकर सुनता था। सभी में आपस में प्रेम आपस में रहता था। लेकिन वह सब गुजरे जमाने की बात हो गई। पश्चिमी संस्कृत का बड़ा प्रभाव अधिक होने के कारण परंपरागत खत्म होने लगा है। हम लोग फूलों का रंग बनाकर होली खेलते थे। महोनो पहले से राहगीर का रंग से सरोबोर पहनावा होली आने के संकेत बयां करते रहते थे। फाल्गुनी गीतों और ढोलक की थाप झांझ की झंकार के बीच की मस्ती छा जाती थी। जो बिना रंग के ही लोग को सरोवर कर देती थी। जैसे 'आज बिरज में होली रे रसिया' अवध में होली खेले रघुवीरा, की गूंज उठती थी तो पैर अपने आप थिरकने को मजबूर हो जाते थे।

जौनपुर स्थित होटल सत्यम सील :ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल रहे उपस्थित : सूत्रों से मिली जानकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर कोतवाली क्षेत्र के सिपाह पड़ाव के पास हाल में बनकर उद्घाटित हुए होटल सत्यम को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल ने शुक्रवार की शाम सील करवा दिया। आरोप है कि होटल बन गया मगर अब तक नक्शा पास नहीं हुआ है और न ही नक्शा के लिए आवेदन ही किया गया था। होटल के सील होने की खबर से शहर में हड़कम्प मचा है। वैसे होटल पर कार्रवाई के दौरान प्रशासन को विरोध का सामना करना पड़ा। होटल मालिक के परिवार की एक महिला मेन गेट पर खड़ी हो गयी थी। जिन्हें हटाने में इंस्पेक्टर को खासी मशक्कत करनी पड़ी। जब ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने कड़ा रुख अख्तियार किया तो जाकर सारी कार्रवाई पूरी हो सकी। जानकारी के अनुसार अखिलेश कुमार राय ने एक जमीन सिपाह पड़ाव के पास खरीदकर उसपर होटल बनवाने का काम शुरु किया। अखिलेश के भाई अवनीश राय के मुताबिक वर्ष 2020 में होटल का नक्शा पास करने के लिए आवेदन किया। लेकिन आज तक नक्शा पास नहीं हुआ। 30 दिसम्बर 21 को होटल का विधिवत उद्घाटन हुआ और उसके बाद शादी समारोहों का आयोजन शुरु हो गया। इस बीच आचार संहिता लागू हो गयी और प्रशासन के लोग चुनाव में व्यस्त हो गए। चुनाव से खाली होते ही ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शुक्रवार को अपनी पूरी टीम के साथ सत्यम होटल पर पहुंच गए और होटल का नक्शा, फायर विभाग की एनओसी समेत अन्य दस्तावेज मांगने लगे। वायरल वीडिओ में देखा गया कि होटल से जुड़े लोगों ने कहा कि सारी चीजे प्रोसेस में हैं। इस दौरान काफी विरोध का भी प्रशासन को सामना करना पड़ा। इस बारे में जब होटल मालिक के छोटे भाई अवनीश राय से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि नक्शा पास कराने के लिए मास्टर प्लान के जेई रोहन यादव ने नगद एक लाख 30 हजार रुपया लिया था। आज तक नक्शा पास नहीं कराए। सीलिंग की कार्रवाई गलत तरीके से की गयी है। पहले नोटिस देनी चाहिए थी। गैर संवैधानिक तरीके से कार्रवाई की गयी।

इस बारे में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु ने कहा कि बिना नक्शा पास हुए ही होटल बना है। नोटिस दी गयी। इसके बाद भी उनकी ओर से पहल नहीं की गयी। फायर का भी कोई एनओसी नहीं था। इसलिए होटल सील कर दिया गया। आखिर क्या कर रहा था प्रशासन जौनपुर। शहर में ऐसे ही न जाने कितने भवन बिना नक्शा के बन रहे हैं। होटल सत्यम पर जो कार्रवाई शुक्रवार को की गयी। यह कार्रवाई प्रशासन ने पहले क्यों नहीं की। समझ से परे है। क्योंकि लबे सड़क होटल बनता रहा और किसी अधिकारी ने चेक करने की जहमत नहीं उठायी। यह जानने की कोशिश भी नहीं की होटल का नक्शा पास है या नहीं। अभी पिछले दिनों ही पुलिस अधीक्षक आवास के निकट एक बड़े निर्माणाधीन भवन को भी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने नक्शे के अभाव में सील किया था। होटल सील होने से अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि शहर के मुख्य मार्ग पर होटल का निर्माण होता रहा और किसी को भनक तक नहीं लगी। आखिर मास्टर प्लान वाले अधिकारी कर क्या रहे हैं। शनिवार को जेई रोहन यादव से बात करने का प्रयास किया गया। उन्होंने फोन नहीं उठाया।

थाना केराकत जौनपुर पुलिस द्वारा अपहरण व पाक्सो एक्ट के मुकदमें में महिला सहित 03 वाँछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों एवं वाँछित / वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण एवं दिशा दृ निर्देशन में थाना केराकत कोतवाली जौनपुर पुलिस द्वारा प्र0नि0 केराकत लक्ष्मण पर्वत के नेतृत्व में उ0नि0 हैदर अली मय हमराह पुलिस बल द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 357/21 धारा 363/366/368/376 भादवि व 7/8 व 16/17 पाक्सो एक्ट वाँछित अभियुक्तगण बंशराज पुत्र स्व0 राममूरत 2– गुलजारी पुत्र स्व0 राममूरत 3– सुमित्रा पत्नी बंशराज समस्त निवासीगण सरायबीरू थाना केराकत जौनपुर को आज दिनांक 15.03.2022 को सरायबीरू चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त 1– बंशराज पुत्र स्व0 राममूरत निवासी सरायबीरू थाना केराकत जौनपुर 2– गुलजारी पुत्र स्व0 राममूरत निवासी सरायबीरू थाना केराकत जौनपुर 3– सुमित्रा पत्नी बंशराज निवासी सरायबीरू थाना केराकत जौनपुर गिरफ्तारी टीम 1– प्र0नि0 लक्ष्मण पर्वत प्र0नि0 थाना केराकत जनपद जौनपुर । 2– उ0नि0 हैदर अली , थाना केराकत जनपद जौनपुर 3– का0 रंजित यादव थाना केराकत

जनपद जौनपुर 4– का0 मनोज यादव थाना केराकत जनपद जौनपुर 5– का0 पुष्पेन्द्र वर्मा थाना केराकत जौनपुर 6– म0का0 ममता थाना केराकत जौनपुर 7– म0का0 रोशनी वर्मा थाना केराकत जौनपुर।

चोरी की बाइक संग आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक पुलिस ने क्षेत्र के चकरा मोड़ के पास से चोरी की बाइक संग एक आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। चंदवक थानाध्यक्ष राजा राम द्विवेदी हमराहियों संग गश्त कर रहे थे कि बतौर मुखबिर सूचना मिली कि चोरी की बाइक संग एक युवक चकरा गाँव के मोड़ के पास भागने की फिराक में खड़ा है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे दबोच लिया।पूछताछ में उसने अपना नाम शशिकांत उर्फ गोलू पुत्र पंचदेव राम निवासी रमदत्तपुर थाना चंदवक बताया। पुलिस ने चोरी की बाइक संग आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

जिले के कई शिक्षकों को बीएसए संतोष कुमार देव पाण्डेय ने किया सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बेसिक शिक्षा विभाग एवं श्री अरविंदो सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान के क्रम में इनोवेटिव पाठशाला अल्टरनेटिव अकादमिक कैलेंडर के कार्यक्रम के तहत जनपद में चयनित 50 शिक्षकों को नगर के पुलिस लाईन के विद्यालय में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संतोष कुमार देव पाण्डेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या , विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुनील कुमार श्रीवास्तव,डीसीटी विशेष अतिथि ैल्ळ डॉ अंबिकेश त्रिपाठी, मनीष रस्तोगी, अमित कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे।अरविन्दो सोसायटी के तरफ से संस्था के उत्तर प्रदेश राज्य प्रमुख भूपेंद्र सिंह नेगी और अमित पांडे जी तथा अरबिंदो सोसायटी और मिशन प्रेरणा के तरफ से नामित प्रेरणा सारथी अभिषेक उपस्थित रहे। इस मौके पर सम्मानित शिक्षकों में ए.आर.पी. तारुन संतोष कुमार, ए.आर.पी अमानीगंज कृष्ण कुमार त्रिपाठी, अमानीगंज ब्लॉक से अर्चना तिवारी, डॉ विवेक कुमार सिंह, रितु दूबे, शिवेंद्र प्रताप सिंह, विपिन सिंह, बीकापुर ब्लॉक से विद्या यादव, हैरिंग्टनगंज ब्लॉक से अविनाश कृष्ण श्रीवास्तव, शबनम, मसौधा ब्लॉक से अंजू वर्मा, दीप सुधा सिंह, रश्मि चौरसिया, रीता चौहान, शैली अरोड़ा, मवई ब्लॉक से आदित्य कुमार शुक्ला, आयुष सिंह, दीपांकर, मया ब्लॉक से अंकित चौरसिया, अंकिता तिवारी, बृजेश कुमार यादव, लाल जी, मोहम्मद शकील, संजय कुमार, मिल्कीपुर ब्लॉक से मीता कुशवाहा, निधि सिन्हा, संदीप चौधरी, शशि साहू, वंदना श्रीवास्तव, निवेदिता उपाध्याय, नगर क्षेत्र से गीता वर्मा, पूरा ब्लॉक से आकांक्षा मौर्य, अंकिता बारी, करिश्मा गौर, निधि महेंद्र, रुधौली ब्लॉक से अनुराधा भारती, असगर अली, नरेश कुमार, यासमीन, निधि पाठक, सोहावल ब्लॉक से प्रशान्त सिंह, स्वाति कनौजिया, तारुन ब्लॉक से अल्केश कुमार पाण्डेय, अमिता कुमारी वर्मा, अर्चना शर्मा, एकता सिंह, मोहम्मद शकील, पूजा सोनी, राजलक्ष्मी एवं रक्षित गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ठै। सर द्वारा सभी सम्मानित शिक्षकों को शुभकामनाएं एवं बेहतर कार्य करने की प्रेरणा दी गयी।वही इसी कड़ी में जिला अयोध्या के परिषदीय प्राथमिकध्कम्पोजिट विद्यालयों में गतिविधि आधारित,अनुभावत्मक शिक्षण पद्धति एवं शून्य निवेश नवाचारों के प्रचलन को बढ़ावा देने के उद्देश्य के तहत अरबिंदो सोसाइटी एवं बेसिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विगत दो वर्षों

से करोना संक्रमण के दृष्टिगत बच्चों हेतु विद्यालय बन्द रहने पर भी इनोवेटिव पाठशाला नामक आनलाइन प्रोग्रम बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ हेतु चलाया गया कार्यक्रम में सहयोगी शिक्षक –शिक्षिकाओं के सम्मान समारोह का आयोजन नगर क्षेत्र स्थित कम्पोजिट विद्यालय पुलिस लाइन नगर संसाधन केन्द्र के सभागार में किया गया।इस कार्यक्रम का उद्घाटन बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार पाण्डेय जी ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर डी सी प्रशिक्षण सुनील कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे । मुख्य अतिथि ने नवाचारी शिक्षकों को सम्मानित किया एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्यों हेतु प्रमाण पत्र वितरित किये।जनपद के समस्त शिक्षा क्षेत्र के विद्यालयों के 50 शिक्षक–शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान नवाचारी शिक्षकों ने अपने–अपने विद्यालयों में किये गये नवाचारों का प्रस्तुतीकरण भी किया जिसके लिए उन्हे एस.आर.जी सर लोगो से एक पेन गिफ्ट मे मिला। इस मौके पर 'बी.एस.ए सर ने कहा कि शिक्षा किसी भी प्रकिया की बुनियाद होती है। यह बुनियाद तैयार करने का कार्य हमारे बेसिक शिक्षा के शिक्षक ही करते हैं। इसलिए बच्चों के शुरूआती विकास के लिए आपकी जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है इनोवेटिव पाठशाला एक बेहतर कार्यक्रम है जो हमारे शिक्षकों को पाठ्य योजना आधारित शिक्षण को दैनिक जीवन में शामिल करने को प्रेरित करता है उन्होंने ने कहा आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है यह 50 नवाचारी शिक्षक गुणित रुप से बढ़कर जनपद में शिक्षा के स्तर को उठाने में प्रभावी साबित होंगे' उन्होंने महात्मा गांधीजी और गुरू नानक देव जी के प्रसंगों के माध्यम से शिक्षकों को प्रेरित किया।इस अवसर पर जनपद के तीनों एस.आर.जी डॉ अंबिकेश त्रिपाठी, अमित कुमार मिश्रा मनीष रस्तोगी, भी उपस्थित रहे।

एक पौराणिक कथा होली क्यों मनाई जाती है जिसकी जानकारी दी–ओम नारायण दास महाराज

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।होली एक प्राचीन त्योहार है (होली क्यों मनाई जाती है) इसकी जानकारी अयोध्यावासी ग्राम दतौली के ओम नारायण दास पांडे महाराज जो निःशुल्क एवं निस्वार्थ सेवा करते चले आ रहे हैं जो होली के बारे में बताया कि होली सबसे पुराने हिंदू त्योहारों में से एक है और यह संभवतः ईसा के जन्म से कई शताब्दियों पहले शुरू हुआ था। इसके आधार पर, होली का उल्लेख प्राचीन धार्मिक पुस्तकों में मिलता है, जैसे कि जैमिनी का पुरवामीमांसा–सूत्र और कथक–ग्राम–सूत्र। यहां तक घ्कि प्राचीन भारत के मंदिरों की दीवारों पर होली की मूर्तियां हैं। इनमें से एक विजयनगर की राजधानी हम्पी में 16 वीं शताब्दी का एक मंदिर है। मंदिर में होली के कई दृश्य हैं जिनकी दीवारों पर राजकुमारों और राजकुमारियों को दिखाया गया है और उनके नौकरानियों के साथ राजमिस्त्री भी हैं, जो राजमहल में पानी के लिए चिचड़ी रखते हैं। होली के रंग:पहले, होली के रंगों को 'टेसू' या 'पलाश' के पेड़ से बनाया जाता था और गुलाल के रूप में जाना जाता था। रंग त्वचा के लिए बहुत अच्छे हुआ करते थे क्योंकि इन्हें बनाने के लिए किसी रसायन का इस्तेमाल नहीं किया जाता था। लेकिन त्योहारों की सभी परिभाषाओं के बीच, समय के साथ रंगों की परिभाषा बदल गई है। आज लोग रसायनों से बने कठोर रंगों का उपयोग करने लगे हैं। होली खेलने के लिए भी तेज रंगों का उपयोग किया जाता है, जो खराब हैं और यही कारण है कि बहुत से लोग इस त्योहार को मनाने से बचते हैं। हमें इस पुराने त्योहार का आनंद उत्सव की सच्ची भावना के साथ लेना चाहिए।होलिका दहन की कहानी के बारे में बताते हुए कहा हिरण्यकश्यप प्राचीन भारत में एक राजा था जो एक दानव की तरह था। वह अपने छोटे भाई की मृत्यु का बदला लेना चाहता था जिसे भगवान विष्णु ने मार दिया था। इसलिए सत्ता पाने के लिए राजा ने वर्षों तक प्रार्थना की। अंत में उन्हें एक वरदान दिया गया। लेकिन इसके साथ ही हिरण्यकश्यप खुद को भगवान मानने लगा और अपने लोगों से उसे भगवान की तरह पूजने को कहा। क्रूर राजा के पास प्रहलाद

नाम का एक जवान बेटा था, जो भगवान विष्णु का बहुत बड़ा भक्त था। प्रहलाद ने कभी अपने पिता के आदेश का पालन नहीं किया और भगवान विष्णु की पूजा करता रहा। राजा इतना कठोर था कि उसने अपने ही बेटे को मारने का फैसला किया, क्योंकि उसने उसकी पूजा करने से इनकार कर दिया था। होली, जिसे 'रंगों का त्योहार' के रूप में जाना जाता है, फाल्गुन (मार्च) के महीने में पड़ने वाली पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। होली मनाने के लिए तेज संगीत, ड्रम आदि के बीच विभिन्न रंगों और पानी को एक दूसरे पर फेंका जाता है। भारत में कई अन्य त्योहारों की तरह, होली भी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। जिसके साथ होली जुड़ी हुई है। ओम नारायण दास महाराज ने सभी अयोध्यावासी एवं देशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी

लीलावती देवी महिला चिकित्सालय में 12 वर्ष से 14 वर्ष की आयु वाले किशोरों का टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ

जौनपुर सू.वि. : लीलावती देवी महिला चिकित्सालय में 16 मार्च 2022 को 12 वर्ष से 14 वर्ष की आयु वाले किशोरों का टीकाकरण

अभियान का शुभारंभ हुआ। सबसे पहले 13 वर्षीय रजवी सिंह व श्रेयस सिंह को टीका लगा कर अभियान का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर लक्ष्मी सिंह भी उपस्थित रहे।

ग्रामीण डाक जीवन बीमा एक परिवार की सुरक्षा करता है–सिंकू रावत

अयोध्या ब्यूरो : सोहावल ब्लाक के सुरवारी गांव में सुकन्या समृद्धि एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा महामेला का आयोजन पश्चिमी उपमंडल के प्रभारी सिंकू रावत की अध्यक्षता में किया गया द्य सुरवारी के महामेला में श्री रावत ने कहा कि ग्रामीण डाक जीवन बीमा एक परिवार की सुरक्षा में निर्णायक भूमिका अदा करता है ग्रामीण डाक जीवन बीमा से इंसान अपनी आवश्यकता को आसानी से पूरा कर सकता है द्य यह ग्रामीण डाक जीवन बीमा पालिसी किसी भी बीमा कम्पनी से कम किश्त तथा अधिक बोनस भुगतान देता है इसलिए जनता को इसका सीधा लाभ मिलता है द्य उन्होंने जनता से इस ग्रामीण डाक जीवन बीमा को अपनाने के लिए अपील किया और पश्चिमी उप मण्डल के सभी डाकपालों को अपने अपने क्षेत्र के जनता को सूचीबद्ध करके ग्रामीण डाक जीवन बीमा से जोड़ने के निर्देश भी दिए । साथ ही श्री रावत ने कहा कि बेटियों के भविष्य को सँवारने के लिए डाकपाल अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए सुकन्या समृधि खाता के लिए वह प्रत्येक परिवार के घर घर तथा प्राथमिक स्वास्थ केंद्र, एवं निजी अस्पतालों में जाकर बेटियों के भविष्य को सवारने के लिए सुकन्या समृधि खाता खोले । जिससे सभी बेटियों को समृधि बनाया जा सके और भविष्य में वह अपनी आवश्यकता को पूरा कर सके । इस अवसर पर मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि सुकन्या खाता 10 वर्ष से कम बेटियों का रु 250 से खाता खोलकर अगली धनराशि 100 से लेकर डेढ़ लाख तक जमा करके 21 वर्ष पर लाखों धन इकट्ठा किया जा सकता है साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि डाकघर में जीवन को सुरक्षित करने के लिए ग्रामीण डाक जीवन बीमा पालिसी चल रही है द्य इस दौरान पवन गुप्ता, अरुण दूबे, अजय सिंह, योगेंद्र सिंह सहित सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे।

न्यायधीशों की टीम ने किया जिला कारागार का निरीक्षण, बांटी होली की सामाग्री

अयोध्या ब्यूरो : जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फैजाबाद श्री वीर नायक सिंह के निर्देशानुसार 15.मार्च 2022 को सम्मानित सिविल जजेज एवं मजिस्ट्रेट गण के सहयोग से सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फैजाबाद रिचा वर्मा एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम प्रशांत शुक्ला द्वारा जनपद कारागार फैजाबाद में निरीक्षण के दौरान महिला बंदी गृह में निरूद्ध महिला बंदियों के साथ रह रहे उनके बच्चों को होली के पर्व से संबंधित सामग्री वितरित की गयी, जिसमें रंग, गुलाल, पिचकारी, नये वस्त्र इत्यादि सब सम्मिलित थे, जिसे पाकर बच्चे खुश हो गये। न्यायिक अधिकारियों द्वारा न सिर्फ निष्ठापूर्वक अपना कार्य सम्पादित किया जाता रहा है अपितु उनके द्वारा ऐसे वर्ग से संबंधित बच्चों के प्रति संवेदनाएँ भी रखी जाती हैं। जिसका यह कृत्य एक अनूठा उदाहरण है।

स्काउटिंग विषम परिस्थितियों में रहना व आत्मर्निभरता सिखाती है

अयोध्या ब्यूरो : स्काउटिंग विषम परिस्थितियों में रहना सिखाती है, इसमें अनुशासन के साथ अन्य जीवनोपयोगी प्रशिक्षण प्राप्त होता है। बेसिक शिक्षा विभाग के नन्हे मुन्ने बच्चे स्काउट और गाइड प्रशिक्षण से कौशल प्राप्त कर रहे हैं । उक्त विचार पूर्व माध्यमिक विद्यालय पूरा में आयोजित प्रथम सोपान गाइड प्रशिक्षण शिविर के पर्यवेक्षण के दौरान जिला स्काउट मास्टर सहायक लीडर ट्रेनर अनूप मल्होत्रा ने व्यक्त किए। स्काउट गाइड प्रशिक्षण हेतु बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2018 से वर्ष 2020 में कुल 117 जूनियर हाई स्कूल का चयन जनपद से किया गया है । जिसमें 3744 स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय के आदेश अनुसार शिविर के माध्यम से संचालित किया जा रहा है । जिसमें निधि महेन्द्रा, दीप सहाय,भावना गुप्ता, गिरीश चन्द्र,रवि कुमार कनौजिया, गीता राणा, बरसाती राही, वंदना यादव, आरती जैन गीता गुप्ता, दुर्गेश कुमार, ललित कुमार, पुनीता,रेनू सिंह,अनीता श्रीवास्तव, शिप्रा श्रीवास्तव, अर्चना गोस्वामी,राहुल श्रीवास्तव, महमूद अहमद,अनूप कुमार प्रियदर्शी,निशि श्रीवास्तव, सुषमा गुप्ता, पंकज कनौजिया, कृपा शंकर,हरकेश सिंह,नन्दलाल, सुमित सिंह,विवेक यादव,सौम्या एवं सुप्रिया चौरसिया आदि बच्चों को स्काउटिंग की दक्षताओं से परिचित करा रहे हैं । प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह तथा ब्लॉक गाइड कैप्टन अर्चना सिंह,रचना कौशल एवं अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

तमन्चा के साथ युवक गिरफ्तार भेजा गया जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा पुलिस ने धनियांमऊ लूलेबीर मन्दिर के समीप से मंगलवार को अवैध देशी तमन्चा बेचने आये युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दिब्यप्रकाश सिंह ने बताया कि बदलापुर थाना क्षेत्र के बदलापुर खुर्द गांव निवासी शिवकुमार गौतम पुत्र मिठाईलाल अवैध तमन्चा बेचने के लिए धनियांमऊ गांव के लूलेबीर मन्दिर आया था। मुखबीर की सूचना पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज सिंह, चौकी इंचार्ज विवेक तिवारी हमराही टीम के साथ पहुँच घेर कर दबोच लिए। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से बरामद देशी तमन्चा के साथ पुलिस ने आवश्यक लिखापढ़ी कर जेल भेज दिया।

सगे भाई द्वारा माता को बहला–फुसलाकर जमीन को अपने नाम करा लिए जाने से नाराज भाई द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर मौत को गले लगाया

अयोध्या ब्यूरो : सगे भाई द्वारा माता को बहला–फुसलाकर जमीन को अपने नाम करा लिए जाने से शब्द भाई द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर मौत को गले गले लगा लिया गया जिसके चलते यह सिद्ध हो गया कि पुत्र कुपुत्र नहीं हो सकता माता कुमाता हो सकती ऐसा ही मामला खंडासा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा धरौली पूरे अयोध्या तिवारी निवासी वशिष्ठ तिवारी के पुत्र अमरनाथ ने आज जहरीला पदार्थ खाकर की मौत को गले लगा लिया जहरीला पदार्थ खाने का कारण अमरनाथ की माता राज दिए द्वारा 15 बीघा जमीन अपने छोटे पुत्र जयप्रकाश के नाम 3 वर्ष पूर्व बैनामा लिख दिया किसी बनाने की भूमि को लेकर के अमरनाथ अधिकतर चिंतित रहने लगे आए दिन घर में फटाफट लगी रहती थी भाग समय करीब 9:00 बजे परिवार में जमीन को लेकर जयप्रकाश से वाद विवाद होने लगा तब जयप्रकाश ने अमरनाथ से कहा चाहे जहर खा लो या फांसी लगा लो अब तुम्हें जमीन नहीं मिलेगी तुम्हारे बच्चे इधर उधर भीख मांगेंगे आहत होकर अमरनाथ ने जहरीला पदार्थ खा लिया जहरीला पदार्थ खाने की घटना सुनकर अमरनाथ के परिवार वाले आनन–फानन में 112 नंबर को फोन करके बुला लिया 112 नंबर को अमरनाथ अपने ऊपर भी घटी घटना को बताया कि हम जयप्रकाश के कारण अपनी जीवन लीला समाप्त कर रहे हैं 112 वाले अमरनाथ को लेकर के सीएसपी मिल्कीपुर ले आए जहां पर उपचार के दौरान अमरनाथ ने दम तोड़ दिया अमरनाथ की मृत्यु पर अमरनाथ की पत्नी राजेश्वरी ने जयप्रकाश आनंद पुत्र पत्नी विद्यावती को दोषी मानते हुए पति की मृत्यु के लिए जिम्मेदार कार के नामजद तहरीर खंडासा थाने में दर्ज करा दिया खंडासा पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरवा कर सबको पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया वही खंडासा पुलिस जय प्रकाश पुर गिरफ्तार करने के लिए खोजबीन शुरू कर दिया है पता चला है जयप्रकाश एक खुराफाती एवं अराजक तत्वों का साथ रखता है एक बार इतने अपनी गाड़ी पर गोली मारकर कुछ लोगों को भी मुकदमे में फंसा दिया था जिसमें रुलाना भी दाखिल हो चुका है।

विकास का जनान्दोलन समय की मांग– ई. रवि तिवारी

अयोध्या ब्यूरो : वर्तमान परिस्थितियों में देश के समग्र विकास हेतु सभी देशवासियों की सहभागिता समय की मांग है। आज जब भारत अपनी स्वतंत्रता के 75 में वर्ष में चल रहा है और भारतीय गणराज्य का अमृत महोत्सव आने वाला है। ऐसे समय में सर्वांगीण विकास हेतु समाज में एक व्यापक सकारात्मक जनांदोलन की आवश्यकता है। उक्त बातें विवेकानंद सेवा मंच के चिंतन शिविर में मंच के संरक्षक ई. रवि तिवारी ने कहीं। सोसायटी फॉर एजुकेशन वेलफेयर एंड अवेयरनेस के प्रकल्प विवेकानंद सेवा मंच के द्वारा आयोजित चिंतन शिविर में जनपद के विभिन्न सुदूर ग्रामीणांचल से लेकर शहरी क्षेत्रों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस चिंतन शिविर में विभिन्न विषयों पर व्यापक विचार विमर्श हुआ। चार सत्रों में आयोजित इस चिंतन शिविर में आर्थिक, सामाजिक आध्यात्मिक और जन जागरूकता के विभिन्न विषयों पर गहन विचार विमर्श किया गया। चिंतन शिविर के समापन सत्र में बोलते हुए मंच के संरक्षक ई. रवि तिवारी ने कहा कि आज दिनभर चले लंबे विमर्श के दौरान एक बात ध्यान में आती है कि समाज के सभी वर्गों में विकास की एक छटपटाहट सी महसूस की जा रही है। आज समय की मांग है कि 137 करोड़ देशवासी अपने अपने सकारात्मक प्रयासों को एक आंदोलनात्मक रूप देकर निरंतर कार्यरत हों और मां भारती को विश्वगुरु के स्थान पर स्थापित करने के अभियान में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो। सुशासन के पर्याय के रूप में संपूर्ण संसार में रामराज्य एक आदर्श राज्य व्यवस्था के रूप में सर्वस्वीकृत है। एक आदर्श समाज के विकास हेतु सभी प्रकार के पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर समाज के प्रत्येक घटक को विकास हेतु निरंतर कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस निमित्त अयोध्या को केंद्र बनाकर भारत की स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष से लेकर भारतीय गणराज्य के अमृत महोत्सव वर्ष तक एक व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। चिंतन शिविर में वशिष्ठ पीठाधीश्वर तीन कलश तिवारी मंदिर के महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने उपस्थित प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कहा कि आज आवश्यकता है सभी अपने हृदय में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों को स्थापित करते हुए समाज को एक आदर्श दिशा प्रदान करने के लिए प्रयासरत हों। हम सभी को अपने व्यक्तिगत विकास को समग्र राष्ट्रीय विकास के साथ जोड़ना होगा। जिसके लिए समाज के सभी वर्गों को देश की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए गांव–गांव, घर–घर एक आध्यात्मिक एवं सामाजिक जनजागरण की आवश्यकता है। इस हेतु विवेकानंद सेवा मंच द्वारा प्रस्तावित स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव वर्ष से भारतीय गणराज्य के अमृत महोत्सव वर्ष तक अभियान सराहनीय है। इसमें हम सभी को पूर्ण मनोयोग से लगकर इसे पूर्णता प्रदान करना चाहिए। मंच द्वारा आयोजित विभिन्न सत्रों में अलग–अलग विशेषज्ञों द्वारा विषय प्रवर्तन किया गया। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार बलराम तिवारी, डॉ विकास पांडे, राजेश श्रीवास्तव, राम कुमार गुप्ता, डॉ. उपेंद्र मणि त्रिपाठी, वेद प्रकाश गुप्त, राधेश्याम त्यागी एवं अशोक कसौधान ने अलग–अलग विषय की प्रस्तावना रखी। प्रतिष्ठित व्यवसाई सूर्य प्रकाश सिंह ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी व्यक्तियों को भारत के विकास में अपने अपने स्तर पर अपनी क्षमता के अनुसार आर्थिक संसाधनों को खड़ा करने का प्रयत्न करना चाहिए। जिससे भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के स्वप्न को साकार किया जा सके। अयोध्या परिक्षेत्र के अग्रणी बीमा अभिकर्ता राम कुमार गुप्ता ने कहा कि पिछले दो वर्ष जिस प्रकार से सारे संसार ने कोरोना की महामारी में बिताए हैं, उसने इस बात के संकेत दे दिए हैं कि स्वास्थ्य जागरूकता के बिना सभी प्रकार के प्रयास अधूरे रह जाएंगे। इसलिए योग एवं जनस्वास्थ्य के निमित्त व्यापक जन जागरूकता की आवश्यकता है। इनकम टैक्स और सेल टैक्स के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश श्रीवास्तव ने उपस्थित प्रतिनिधियों के बीच में संबोधन करते हुए कहा कि आर्थिक जगत में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करता हुआ कुछ ऐसे प्रकल्प अयोध्या जनपद में शुरू किए जाने चाहिए। जिससे सभी को काम मिल सके और वह अपना अपना योगदान देश के विकास में कर सकें। इसके लिए व्यापक योजना बनाने की आवश्यकता है और सरकार पर निर्भर रहने के बजाय समाज को सहकारिता के आधार पर आर्थिक संसाधनों को खड़ा करना पड़ेगा। सुशासन विषय पर चिंतन को आगे बढ़ाते हुए अशोक कसौधन ने कहा कि भारतीय गणराज्य की मजबूती के लिए पंचायतीराज व्यवस्था एवं ग्राम स्वराज व्यवस्था को मजबूत करके ग्राम पंचायत से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित विशाल जन जागरण आवश्यक है। जिससे भारत अपनी गणतंत्रता के अमृत महोत्सव में दुनिया के सामने एक आदर्श बन कर प्रस्तुत हो सके। अन्यान्य विषयों पर गहराई से चिंतन करते हुए विभिन्न प्रकार के प्रस्ताव विवेकानंद सेवा मंच द्वारा पारित किए गए। उन प्रस्तावों में मुख्य रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्राम स्वराज्य, सामाजिक सौहार्द एवं अयोध्या के मर्यादा पूर्ण आचरण के संकल्प को देखते हुए गांव गांव तक विशाल जन जागरूकता के कार्यक्रमों के आयोजन की सर्वसम्मति से योजना पारित की गई। इस अवसर पर राधेश्याम त्यागी, बृजेंद्र दुबे, वेद प्रकाश गुप्ता, प्रवीण सिंह एडवोकेट सर्वजीत सिंह, सुधीर गुप्ता, विपिन पांडे, राजीव पाठक आदि समाज के प्रबुद्ध युवा एवं प्रतिनिधियों की सहभागिता रही।

जलालपुर गांव के पास फाटक लगवाने की मांग

अयोध्या ब्यूरो : रूदौली तहसील क्षेत्र में भेलसर रूदौली मार्ग पर बने रेलवे गेट 143 बी व गेट नंबर 142 सी के मध्य 1004 /9 से 1005/1 पर ग्राम जलालपुर के सैकड़ो ग्राम वासियों ने वर्ष 2010 से सांसद निर्मल खत्री के माध्यम से तत्कालीन रेल राज्यमंत्री के एच मुनियप्पा से गांव के पास रेलवे गेट लगाने की मांग की थी।प्रार्थना पत्र की जांच रेल पथ निरीक्षक से कराने के लिए भेजा गया था लेकिन जांच अधिकारियों ने पत्र ही गायब कर दिया। जलालपुर गांव के तत्कालीन ग्राम प्रधान राधे किशन,राम अवध सिंह,जग प्रसाद,रमेश चन्द्र,जगत लाल,गंगा राम,जग प्रसाद,तेज पाल,सुनील कुमार सहित दर्जनों ग्रामीणों ने दस साल में जलालपुर गांव के पास रेलवे फाटक लगवाने के लिए दो दर्जन से अधिक प्रार्थना पत्र दिया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई।ग्रामीणों का कहना है कि रेल लाइन के एक तरफ इंटरलाकिंग की सड़क है दूसरी ओर खड़ंजा लगा है।रेलवे लाइन को बाइक सवार,ट्रेक्टर चालक को फंदा कर नगर की ओर जाते है ऐसे में गांव के दर्जनों ग्रामीण अपनी जान गवा चुके है।स्कूल जाने वाले बच्चे भी 6 किलोमीटर दूरी अधिक तय करके स्कूल पहुच रहे है क्योंकि भेलसर रूदौली मार्ग पर रेलवे का ओवरब्रिज बनजाने से रेल प्रशासन ने गेट नंबर 143 बी को एकदम बन्द कर दिया।ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे विभाग में इस समय कई तरह के निर्माण कार्य चल रहे है।उन्होंने रेलमंत्री भारत सरकार से जलालपुर गांव के पास रेलवे फाटक बनाने की मांग की है जिससे क्षेत्र के कई हजार ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा।

होली बाद भी 15 करोड़ लोगों को मिलता रहेगा मुफ्त राशन लोकसभा चुनाव तक बांटने की तैयारी

अयोध्या ब्यूरो : उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनावी रैलियों में मुफ्त राशन योजना जारी रखने का वादा जनता से किया था। अब प्रदेश सरकार इस योजना को लोकसभा चुनाव यानी 2024 तक बढ़ाने पर मंथन कर रही है। उत्तर प्रदेश में मुफ्त राशन वितरण योजना इस माह बंद होने वाली नहीं है। योगी आदित्यनाथ सरकार गरीबों को फ्री में राशन देने की योजना को विस्तार देने जा रही है। तैयारी है कि इसे लोकसभा चुनाव तक जारी रखा जाए, हालांकि इस संबंध में अंतिम निर्णय शासन करेगा। इसी तरह से साल में दो बार होली और दीपावली पर मुफ्त सिलेंडर देने का भी प्रस्ताव खाद्य एवं रसद विभाग ने शासन को भेज दिया है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनावी रैलियों में मुफ्त राशन योजना जारी रखने का वादा जनता से किया था। अब प्रदेश सरकार इस योजना को लोकसभा चुनाव यानी 2024 तक बढ़ाने पर मंथन कर रही है। प्रदेश में इस योजना के 15 करोड़ लाभार्थी हैं। खाद्य व रसद विभाग की ओर से भेजे प्रस्ताव में अवधि का जिक्र नहीं है, इसे सरकार की मंशा पर छोड़ा गया है। बता दे कि उत्तर प्रदेश सरकार दिसंबर से मार्च तक मुफ्त राशन देने का ऐलान किया था है। इसमें अंत्योदय कार्ड धारकों को 35 किलो अनाज और पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट पांच किलो यानी तीन किलो गेहूं व दो किलो चावल दिया जाता है। खाद्य व रसद विभाग की ओर से भेजे गए प्रस्ताव में महंगाई के बढ़ने के कारण मुफ्त राशन योजना की अवधि बढ़ाने का उल्लेख किया गया है। ऐसे भी संकेत हैं कि योजना को एक साथ न बढ़ाकर दो से तीन चरणों में बढ़ाया जाए। फिलहाल माना जा रहा है कि छह–छह महीने के लिए योजना का ऐलान हो सकता है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।